1- APR- BSP- P-1_Layout 1 4/1/2025 1:16 PM Page 1

तापमान

अधिकतम 37.4 डिग्री

न्यूनतम 23.3 डिग्री

हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, बुधवार 2 अप्रैल 2025


जिला खेल परिसर में बनाया जा रहा है अत्याधुनिक स्वीमिंग पूल।



## अग्निवीर भर्ती: ऑनलाइन आवेदन 10 तक

**बिलासपुर।** भारतीय थल सेना में अग्निवीर भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 10 अप्रैल है। जिसमें जनरल, तकनीकी, क्लर्क, ट्रेडमेन, महिला सैन्य पुलिस व रेगुलर कैडर भर्ती धर्म गुरू, नर्सिंग और सिपाही फार्मा पदों पर आवेदन किया जा सकता है। आवेदन के संबंध में अधिक जानकारी के लिए भारतीय थल सेना के वेबसाइट www.joinindian-army.nic.in का अवलोकन कर सकते हैं। इसके साथ ही आवेदन के संबंध में अन्य जानकारी एवं आवेदन करते समय समस्या होने पर सेना भर्ती कार्यालय रायपुर के टेलीफोन नंबर पर संपर्क कर सकते हैं।

# दो दिन की छुट्टी के बाद खुला अस्पताल, 1800 से अधिक ओपीडी, बंद पड़ी टोकन की मशीनें


ईद के कारण सोमवार को नहीं लगी ओपीडी


मरीजों की भीड़ आने के बाद टोकन मशीनें बंद करनी पड़ी जिससे मरीजों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

**बिलासपुर।** सिम्स में दो दिन की छुट्टी के बाद मंगलवार को ओपीडी खोली गई, जहां डाक्टंरों ने मरीजों का इलाज भी किया, लेकिन इस दौरान सिम्स में व्यवस्थाओं की पोल खुलती रही। खास बात यह है 1800 से अधिक मरीजों की भीड़ आने के बाद ओपीडी और पैथोलैब के लिए काटी जाने वाली टोकन मशीनें बंद करनी पड़ी, जिससे मरीजों के साथ ही कर्मचारियों को भी खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। कई लोगों को ओपीडी के दौरान लैब की रिपोर्ट तक नहीं मिल सकी।

रविवार को छुट्टी के बाद ईद के कारण सोमवार को भी सिम्स में ओपीडी नहीं लगाई जा सकी। इस दौरान महज इमरजेंसी सेवा के तहत मरीजों का इलाज किया गया। मंगलवार को सिम्स में ओपीडी खुलते ही मरीजों की भारी तादात देखी गई। एमआरडी कक्ष में पैर रखने की जगह भी नहीं मिल रही थी। ऐसे में टोकन और पर्ची काटने के लिए लंबी लंबी लाइनें लगी रहीं। सिम्स में मरीजों की भीड़ के कारण अव्यवस्था होने लगी। इस दौरान ओपीडी में 1860 और आईपीडी में 132 मरीजों का पंजीयन किया गया। जिसे देखते हुए डीन डॉ. रमणेश मूर्ति और अधीक्षक डॉ. लखन सिंह ने व्यवस्था संभाली और रेडियोलॉजी विभाग के अतिरिक्त कर्मचारियों को भी काम में लगाया गया। इस दौरान कार्य अवधि के बाद भी कर्मचारियों ने अतिरिक्त समय तक काम किया। खास बात यह है कि भीड़ को देखते हुए पैथोलॉजी विभाग में टोकन मशीनें बंद कराई गई और मैनुअल तरीके से लोगों के सैंपल कलेक्ट किए गए और रिपोर्ट दी गई। जिन मरीजों को रिपोर्ट नहीं मिल सकी है वे सभी बुधवार को रिपोर्ट ले सकेंगें।

## डाक्टर को धमकी : सूदखोर सहित 3 गिरफ्तार

# 16 लाख उधार देकर 30 लाख की वसूली फिर 27 लाख मांग कर धमकाने लगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सूदखोरों ने डाक्टर को 16 लाख रुपए उधार देकर ब्याज सहित 30 लाख रुपए वसूली कर ली, उसके बाद उनसे 27 लाख रुपए ब्याज की मांग कर डराया धमकाया जा रहा था। पुलिस ने सूदखोर सहित 3 लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं एक सूदखोर फरार है।

सरकण्डा पुलिस के अनुसार, सरकण्डा ड्रीम इंपीरिया सी टावर फ्लैट नम्बर 114 निवासी डा. संजय बंजारे पिता छेरका प्रसाद बंजारे ने रिपोर्ट लिखाई। उन्होंने अपने दोस्त सागर मंगेशकर, चंद्रप्रकाश पाण्डेय के माध्यम से 12 सितंबर 2022 को घरेलू आवश्यकता होने से आशीष टण्डन से 4 लाख उधार लिया। उसके बाद उनसे 29 अप्रैल को 6 लाख 50 हजार, मई 2023 में चेक के माध्यम से 2 लाख रुपए उधार लिया। पैसा देने के बाद आशीष टण्डन ने दबावपूर्वक उनसे कोरे स्टाम्प में हस्ताक्षर करा लिया और रायपुर मठपुरैना स्थित मकान के बिक्री का इकरारनामा होने की धमकी देने लगा। डा. बंजारे का कहना है उन्होंने आशीष टण्डन से 16 लाख रुपए उधार लिया था और 10 प्रतिशत ब्याज सहित 30 लाख रुपए लौटा दिया है। उसके बाद भी सूदखोर उनसे 27 लाख लाख रुपए ब्याज सहित देने का दबाव बना रहा था। 31 मार्च को सूदखोर आशीष टण्डन, मनोज बंजारा, जितेन्द्र बंजारा उनके घर घुस गए और उनका एक साथी सूरज सोनवानी फ्लेट में आने जाने वालों पर नजर रख रहा था। वे डाक्टर से तत्काल 5 लाख रुपए की मांग करने लगे। रुपए नहीं होने पर किडनी या पत्नि बच्चे को बेचकर रुपए देने के लिए दबाव बनाने लगे।

सूचना पर टीआई निलेश पाण्डेय, एएसआई दिनेश तिवारी स्टाफ के साथ डाक्टर के घर गए और सूदखोर आशीष टण्डन सहित तीन लोगों को पकड़कर थाने ले आए। पुलिस ने डा. बंजारे की रिपोर्ट पर बीएनएस की धारा 308, 5, 331, 3, 5 व 3, 4 कर्जा एक्ट के तहत सूदखोर तालापारा निवासी सूदखोर आशीष टण्डन, मनोज बंजारा, सूरज सोनवानी को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं एक अन्य आरोपी जितेन्द्र बंजारा की तलाश की जा रही है।


पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए आरोपी।

### आरोपी ने कहा- बलौदाबाजार अग्निकांड का हीरो हूं

20 मार्च को आशीष टण्डन उन्हें महाराणाप्रताप चौक में बुलाया। डा. बंजारे अपने दोस्त विक्रम के साथ वहां गए तो आशीष टण्डन अपने साथी जितेन्द्र बंजारा एवं 3 से 4 लोग के साथ था। आशीष टण्डन ने उन्हें मार्च माह में पैसा नहीं देने पर कहा पैसा निकालना आता है, तू मर भी गया तो तेरे परिवार से पैसा वसूली कर लूंगा। बलौदाबाजार अग्निकांड का हीरो हूं अभी अभी जेल से छूटकर आया हूं।

### सूदखोर के खिलाफ 5 गंभीर मामले दर्ज

एएसआई दिनेश तिवारी ने बताया, सूदखोर आशीष टण्डन आदतन बदमाश है और मनीबस्ती में अड्डा बनाकर रखा है। पूर्व में उसके खिलाफ सिविल लाइन थाने में एनडीपीएस एक्ट, अपहरण, लूट, छेड़खानी सहित पांच मामले दर्ज है।

# परीक्षा देकर निकले आठवीं के छात्र पर चाकू से हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

परीक्षा देकर स्कूल से बाहर निकले कक्षा आठवीं के छात्र को हंसी मजाक के दौरान कमेंट्स करने पर दूसरे छात्र ने पैर में चाकू से हमला कर दिया। देर रात तक पुलिस मामले में अपराध दर्ज नहीं किया था।

सिरगिट्टी निवासी मोहन राव ने बताया, यश थामस पिता स्व. राजा थामस भारत माता स्कूल हिंदी मीडिया में कक्षा आठवीं का छात्र है। 1 अप्रैल को यश परीक्षा देने स्कूल गया था। परीक्षा समाप्त होने पर वह कक्षा से बाहर निकला और दोस्तों के साथ परिसर में नाश्ता करने लगा। इसी दौरान स्कूली बच्चे हंसी मजाक कर रहे थे। यश थामस ने हंसी मजाक के साथ एक छात्र पर कमेंट्स कर दिया, इससे उक्त छात्र ने चाकू से हमला कर दिया, जिससे यश के पैर में चोट आई। चाकूबाजी की वारदात से स्कूल में हड़कंप मच गया। सूचना मिलने पर घरवाले स्कूल पहुंच गए और घायल छात्र को लेकर रिपोर्ट लिखाने तारबाहर थाने आ गए। पुलिस ने घायल छात्र का जिला अस्पताल में डाक्टरी मुलाहिजा कराया गया। श्री राव ने बताया हमलावर छात्र हेमूनगर का रहने वाला है। उसका नाम पता नहीं चल पाया है। उन्होंने हमलावर छात्र के संबंध में जानकारी लेने स्कूल में संपर्क किया तो स्कूल बंद होने की बात कही गई। श्री राव ने घटना की लिखित शिकायत तारबाहर थाने में की है। देर रात तक मामले में अपराध दर्ज नहीं हुआ। टीआई कृष्णचंद सिदार का कहना है छात्र पर चाकू से हमला नहीं हुआ है, उसका एमएलसी कराया गया है। दोनों पक्ष आपस में समझौता कर लिए हैं, रिपोर्ट नहीं लिखाना चाहते हैं।



### लगातार स्कूलों में चल रहा चाकू

पूर्व में 25 मार्च को कक्षा नवमीं का छात्र परीक्षा दिलाकर सिरगिट्टी शासकीय स्कूल से बाहर निकला, तब युवकों ने उसके साथ मारपीट करते हुए चाकू से हमला कर दिया था। इसके पहले सरकण्डा लोयला स्कूल के बाहर परीक्षा दिलाने कर बाहर निकलने पर एक छात्र के साथ मारपीट कर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया गया था।




## बिलासपुर में ही 200 करोड़ से अधिक के काम पूरे नहीं हो सके

# स्मार्ट सिटी: तीन महीने बढ़ सकता है समय सात अप्रैल को दिल्ली में होनी है बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

100 से अधिक शहरों में चल रहे स्मार्ट सिटी के काम अधूरे पड़े हैं। बिलासपुर में ही 200 करोड़ से अधिक के काम पूरे नहीं हो सके हैं जबकि 31 मार्च 2025 की अंतिम तिथि गुजर चुकी है। हालांकि कहा जा रहा है कि तीन महीने का समय और मिलने की बात कही जा रही है। दरअसल स्मार्ट सिटी मिशन को लेकर 7 अप्रैल को दिल्ली में होने वाली बैठक में इस बारे में अंतिम फैसला होगा। बिलासपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के मैनेजर एस साहू ने बताया कि समय मिलने की संभावना तो है लेकिन बैठक में ही तय होगा कि स्मार्ट सिटी बंद होगी या नहीं।

- **रायपुर, नवा रायपुर एवं बिलासपुर में 50 के करीब बचे प्रोजेक्ट चल रहे**

अधिकारियों के मुताबिक स्मार्ट सिटी मिशन के तहत सभी पूर्ण एवं अधूरे प्रोजेक्टों को नगर निगम को हैंडओवर किए जाएंगे या फिर किसी अन्य प्लान या मिशन के तहत अधूरे प्रोजेक्टों को पूरे किए जाएंगे, इन सारे सवालों के जवाब दिल्ली में होनी वाली बैठक के बाद ही मिल पाएंगे। राज्य के तीन शहरों में चल रहे स्मार्ट सिटी परियोजना पर नजर डालें तो रायपुर, नवा रायपुर एवं बिलासपुर में अब तक स्वीकृत प्रोजेक्टों की तुलना में साढ़े तीन सौ से अधिक प्रोजेक्ट पूर्ण हो चुके हैं। इन प्रोजेक्टों में अब तक लगभग ढाई हजार करोड़ रुपए से अधिक राशि खर्च हो चुकी है। वर्तमान में 150 के करीब बचे प्रोजेक्ट चल रहे है। इन प्रोजेक्टों में भी ढाई हजार करोड़ रुपए से अधिक लागत लगनी हैं। इन सभी प्रोजेक्टों को पूरा करने की डेटलाइन पहले जून 2024 थी, जिसे बढ़ाकर 31 मार्च 2025 किया गया था। इन सभी प्रोजेक्टों को पूर्ण होने में अभी भी काफी समय लगेगा।

### 857.50 करोड़ मिले, अब तक 767.26 करोड़ खर्च

ध्यान रहे कि पिछले 9 सालों में स्मार्ट सिटी को छोटे-बड़े कुल 106 कार्यों की मंजूरी मिली। शहर को स्मार्ट बनाने के लिए केंद्र सरकार से 428.75 करोड़ और राज्य से 428.75 करोड़ यानी कुल 857.50 करोड़ मिले, जिसमें अब तक 767.26 करोड़ खर्च हो चुके हैं। फिलहाल 60.32 करोड़ स्मार्ट सिटी के खाते में जमा है। अधिकारियों के मुताबिक कुछ प्रोजेक्ट के नवंबर तो कुछ के दिसंबर तक पूरा होने की उम्मीद है।



### यह है योजनाएं हैं अधूरीं

- अरपा के दोनों किनारे 100 करोड़ का स्मार्ट सड़क
- बस स्टैंड में 15.75 करोड़ का शटल टाइप पार्किंग
- कोनी में 29.51 करोड़ का कन्वेंशनल सेंटर
- अरपा नदी में पानी साफ करने 16.93 करोड़ के एसटीपी
- शहर में 22.54 करोड़ के सड़क व नाली निर्माण का काम
- 19.33 करोड़ रुपए के तालाब का सौंदर्यीकरण

### दिल्ली में होगा फैसला

स्मार्ट सिटी मिशन को लेकर 7 अप्रैल को दिल्ली में होने वाली बैठक में इस बारे में अंतिम फैसला होगा। समय मिलने की संभावना तो है लेकिन बैठक में ही तय होगा कि स्मार्ट सिटी बंद होगी या नहीं।

**- एस साहू**, मैनेजर, स्मार्ट सिटी

### 9 महीने कार्यकाल बढ़ने के बाद भी लापरवाही

ज्ञात हो कि जून 2015 में देश के 100 शहरों को स्मार्ट सिटी मिशन में शामिल किया गया। इसमें बिलासपुर भी शामिल था। पिछले 9 सालों में शहर को स्मार्ट बनाने के लिए कई बड़े प्रोजेक्ट को धरातल में उतारा गया है, लेकिन कार्य गति धीमी रही। इसी वजह से एक जुलाई 2024 को बिलासपुर समेत देश के सभी 100 स्मार्ट शहरों का कार्यकाल 9 माह यानी मार्च 2025 तक के लिए बढ़ाया गया था, तब स्मार्ट सिटी के अधिकारियों को अधूरे सभी प्रोजेक्ट को इस समयावधि में पूरा करने को कहा गया था। इसके बाद भी बिलासपुर स्मार्ट सिटी में 8 प्रोजेक्ट अधूरे हैं।

### 57 कार्यों की मंजूरी, 8 पर काम जारी

ध्यान रहे कि स्मार्ट सिटी परियोजना में शामिल होने के बाद 2021-22 से 2024-25 तक बिलासपुर को 57 कार्यों की मंजूरी मिली है। इन कार्यों के लिए 390.52 करोड़ की स्वीकृति भी दी गई। इसमें 287.51 करोड़ रुपए खर्च हो चुके हैं। इस फंड से 48 प्रोजेक्ट पूरे हो चुके हैं तो 8 प्रोजेक्ट पर अभी काम चल रहा है। इसमें तीन प्रोजेक्ट को 31 मार्च 2025 तक पूरा होने का दावा किया जा रहा है। इधर स्मार्ट सिटी परियोजना का कार्यकाल मार्च 2025 में समाप्त हो रहा है। ऐसे में जो काम चल रहे हैं, उनके इस अवधि में पूरा होने की उम्मीद नहीं है। अधिकारी भी स्वीकार कर रहे हैं कि कुछ प्रोजेक्ट दिसंबर तो किसी को नवंबर 2025 तक पूरा हो सकेंगे।

1 APRIL- BSP-PG-2_Layout 1 4/2/2025 12:32 AM Page 1



## खबर संक्षेप

### डा. मढ़रिया देंगे अंतरराष्ट्रीय नेत्र विशेषज्ञ सम्मेलन में व्याख्यान



**बिलासपुर।** नगर के वरिष्ठ नेत्र विशेषज्ञ व आशीर्वाद लेजर फेको नेत्र चिकित्सालय के डायरेक्टर डा. एलसी मढ़रिया दिल्ली में आयोजित अंतरराष्ट्रीय एशिया पेसिफिक एकेडमी आफ आप्थाल्मॉजी व 83 वें आल इंडिया आप्थाल्मालॉजी समिति के राष्ट्रीय सम्मेलन में व्याख्यान देंगे। यह सम्मेलन दिल्ली में 3 अप्रैल से 6 अप्रैल तक होगा। इसमें 60 देशों के लगभग 10 हजार से अधिक विशेषज्ञ व 34 अंतर राष्ट्रीय नेत्र विशेषज्ञों की समिति के नेत्र विशेषज्ञ भाग लेंगे। यह इस सदी का सबसे बड़ा नेत्र विशेषज्ञों का सम्मेलन यशोभूमि अंतरराष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर नई दिल्ली में आयोजित किया गया है। डा. मढ़रिया का व्याख्यान जटिल मोतियाबिंद के फेको आपरेशन के बारे में डायबिटिज के अंधत्व से बचने के बारे में व टेली आप्थाल्मालाजी के बारे में व्याख्यान देंगे। इस सम्मेलन में बच्चों के अंधत्व आरओपी कांचबिंद, पर्दे की बीमारी, आंख के कैंसर व अन्य जटिल नेत्र के बीमारी के अत्याधुनिक उपचार के बारे में शोध पत्र पढ़े जाएंगे। उन्होंने बताया कि यह सम्मेलन भारत में अंधत्व निवारण कार्यक्रम को और गति देने में मिल का पत्थर साबित होगा। जिसका लाभ हमारे छत्तीसगढ़ के नेत्र मरीजों को भी मिलेगा।

### ओपीएस के विरोध में ट्रैक मेंटेनरों ने काली पट्टी लगाकर किया काम




**बिलासपुर।** रेल मंत्रालय ने रेलवे में कार्यरत कर्मचारियों की पुरानी पेंशन स्कीम को लागू करने की मांग को दरकिनार करते हुए ओपीएस को 1 अप्रैल से लागू कर दिया है। इसके विरोध में रेलवे के ट्रैक मेंटेनरों ने काली पट्टी लगाकर अपना विरोध जताना शुरु कर दिया है। रेल कर्मचारी कई वर्षो से पुरानी पेंशन स्कीम को लागू करने की मांग केन्द्र सरकार से कर रहे हैं। इनकी मांगों को पूरा करने के लिए आश्वासन देने के बाद उसे दरकिनार कर दिया जाता है। पुरानी पेंशन स्कीम को लागू करने के बजाय केन्द्र सरकार ने मंगलवार 1 अप्रैल से ओपीएस यूनिफाइड पेंशन स्कीम को लागू कर दिया है। केन्द्र सरकार कर्मचारियों के ऊपर यूनिफाइड पेंशन स्कीम ओपीएस कर्मचारी विरोधी नीति को लागू करने के विरोध में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर जोन में ट्रैक मेंटेनर एसोसिएशन बिलासपुर जोन और अखंड रेल कर्मचारी संघ ने काली पट्टी लगाकर काम किया। सरकार की इस नई नीति के खिलाफ राष्ट्रीय स्तर पर इंडियन रेलवे एंप्लॉय फेडरेशन आईआरईएफ एवं नेशनल मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन स्कीम एनएमओपीएस ने एक अप्रैल को काला दिवस मनाने का फैसला लिया था। इसके संबंध में ट्रैक मेंटेनर एसोसिएशन बिलासपुर के संस्थापक अध्यक्ष एवं ऑल इंडिया रेलवे ट्रैक मेंटेनर यूनियन के राष्ट्रीय सहायक महामंत्री राजेन्द्र कौशिक ने बताया कि बिलासपुर जोन के ट्रैक मेंटेनरों ने अपने कार्य स्थल पर कार्य के दौरान बाहों में काली पट्टी बांधकर काम किया। यह संदेश दिया गया कि यूनिफाइड पेंशन स्कीम यूपीएस मंजूर नहीं है। पुरानी फैमिली पेंशन ओपीएस को लागू किया जाए। सरकार कर्मचारियों के ऊपर उनकी सहमति के बगैर ओपीएस लागू कर दी है। केन्द्र सरकार देश में तिहरी नीति चल रही है। एनपीएस, ओपीएस और स्वयं मंत्री विधायक, सांसद पुरानी पेंशन ओपीएस ले रहे हैं।

### यादव समाज करेगा नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों का सम्मान आज

**बिलासपुर।** यादव समाज द्वारा 2 अप्रैल को नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधयों का सम्मान समारोह तिफरा स्थित झूलेलाल मंगलम में सुबह 11 बजे से आयोजित की गई है। जिसमें जिला पंचायत सदस्य, जनपद सदस्य, सरपंच, उपसरपंच के अलावा पंचों का सम्मान किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भिलाई विधायक बिलासपुर लोकसभा प्रत्याशी देवेन्द्र यादव होंगे। इसके अलावा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति भूल भौंरा लोक कला मंच चंदन यादव के टीम द्वारा दी जाएगी। कार्यक्रम का आयोजक पूर्व ब्लाक अध्यक्ष अमित यादव, अनिल यादव, गौरीशंकर यादव, ईश्वर यादव, राजकुमार यादव, राकेश यादव, हेमंत यादव, नंदकिशोर यादव, कमल यादव, संजय यादव, धनंजय यादव, सुकुमार यादव द्वारा किया जा रहा है।

### महिला मंडल ने बांटा 78 किलो चने व बूंदी का प्रसाद



**बिलासपुर।** हिंदू नव वर्ष पर सनातनी शोभायात्रा में बरई चौरसिया समाज की महिला मंडल ने जूना बिलासपुर में स्टॉल लगाकर 78 किलो चने का प्रसाद एवं 5 किलो बूंदी का प्रसाद वितरण किया। इस कार्य में अनीता तंबोली, नीलू थवाईत, डॉ. अर्चना तम्बोली, विद्या थवाईत, रंजीता तम्बोली, जयसी तम्बोली,अंजनी प्रधान, अमिता थवाईत, जयंती थवाईत, प्रतिमा चौरसिया, अनीता थवाईत, सुनीला प्रधान, सुषमा तम्बोली, प्रीति थवाईत, रेखा थवाईत, किरण थवाईत, शिखा थवाईत, रजनी तम्बोली, अंबिका तम्बोली आदि उपस्थित थीं। इस मौके पर रवि, श्रेयांश, प्रियांश प्रधान, राजेश तम्बोली, संजय थवाईत, शैलेन्द्र थवाईत, दत्तात्रेय तम्बोली, ईश्वर तम्बोली, रामजी लाल थवाईत, रमेश चौरसिया, घनश्याम तम्बोली, सोनू थवाईत एवं विनोद तम्बोली आदि मौजूद थे।

### इंडियन डेंटल एसोसिएशन ने किया रैली का स्वागत



**बिलासपुर।** हिंदू नए वर्ष पर इंडियन डेंटल एसोसिएशन एवं फिजियोथेरेपी एसोसिएशन द्वारा सीएमडी चौक पर शोभायात्रा का स्वागत कर प्रसाद वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में दंत चिकित्सक एवं फिजियोथेरेपिस्ट मौजूद थे।

---

**प्रतिदिन 180 किलो मटन की खपत** | शाकाहारी वन्यप्राणियों के आहार में हर माह खर्च होते हैं 8 से 9 लाख रुपए

# 30 लाख रुपए का भोजन करते हैं कानन पेंडारी के वन्यप्राणी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर




कानन पेण्डारी जू में प्रतिदिन 1 लाख रुपए से अधिक शाकाहारी और मांसाहारी वन्यप्राणियों के आहार में खर्च होता है, जिसमें मांसाहारी वन्यप्राणी टाइगर, लायन, तेंदुआ सहित अन्य वन्यप्राणी 180 किलो मटन खाते हैं। वहीं 8 से 9 लाख रुपए का आहार प्रतिमाह शाकाहारी वन्यप्राणियों को आहार देने के पीछे खर्च किया जाता है।

बिलासपुर के कानन पेण्डारी मीडियम जू का संचालन इन दिनों अचानकमार अमरकंटक बायोस्फियर टाइगर रिजर्व कर रही है। करीब 114.636 हेक्टेयर क्षेत्र में फैले कानन पेण्डारी जू में 65 प्रजातियों के 650 से अधिक मांसाहारी और शाकाहारी वन्यप्राणियों के लिए अलग-अलग केज की व्यवस्था प्रबंधन ने की हुई है, जिसमें लायन, तेंदुआ, हाइना, टाइगर, भालू के अलावा सर्प, मछली, काकड़, हिरण, सांबर, चिंकारा, चौसिंगा, नीलगाय, गोरला, लोमड़ी, जंगली सुअर, बायसन, दरियाई घोड़ा, रोज पेलिकन, ईमू सहित अन्य पक्षी शामिल हैं। किसी भी चिड़ियाघर में कौन सी प्रजाति के वन्यप्राणियों की संख्या कितनी होनी चाहिए, इसका निर्धारण केन्द्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण करता है, जिसका पालन जू प्रबंधन को करना होता है। कानन पेण्डारी जू में कई वन्यप्राणी सरप्लस हैं। जू के अलग-अलग केज में रखे गए वन्यप्राणियों के रखरखाव, उपचार के अतिरिक्त सबसे अधिक खर्च आहार में प्रबंधन को होता है। वन्यप्राणियों को आहार देने के लिए प्रति तीन वर्ष में ठेका किया जाता है, जिसमें शाकाहारी और मांसाहारी वन्यप्राणियों के लिए अलग-अलग ठेके होते हैं। कानन पेण्डारी जू में मांसाहारी वन्यप्राणियों में मुख्य रूप से लायन, टाइगर, तेंदुआ, हाइना, भालू शामिल हैं, जो प्रतिमाह 19 लाख रुपए से अधिक का मटन हजम कर लेते हैं। वहीं शाकाहारी वन्यप्राणियों के आहार सब्जी, घास, दूध व अन्य सामान में केवल 8 से 9 लाख रुपए का खर्च कानन प्रबंधन को हो रहा है।

#### जिंदा बकरी लाते हैं कानन जू में

कानन प्रबंधन के अनुसार मांसाहारी वन्यप्राणियों को दिए जाने वाले आहार को जांच करने का आदेश मुख्यालय का रहता है। इस आदेश के तहत मटन में मुर्गा, मछली सहित जिंदा बकरे को कानन जू में लाने के बाद ही काटने का काम होता है, जिसे डाक्टर, जू कीपर और अन्य कर्मचारी चेक करने के बाद ही मांसाहारी वन्यप्राणियों को देते हैं। इसमें प्रतिदिन करीब 180 किलो मटन का आहार मांसाहारी वन्यप्राणियों उबालकर को दिया जाता है।

#### साढ़े 8 लाख का खर्च शाकाहारी के आहार में

मांसाहारी वन्यप्राणियों को छोड़कर शाकाहारी वन्यप्राणियों को दिए जाने वाले आहार में सब्जियां, घास, चना, जौफल, दूध सहित अन्य खाने-पीने के सामान होते हैं। मांसाहारी वन्यप्राणी में जहां 19 लाख रुपए और शाकाहारी वन्यप्राणियों के आहार में प्रतिमाह साढ़े 8 से 9 लाख रुपए की राशि खर्च की जाती है।

#### सप्ताह में एक दिन थमे रहेंगे एटीआर में जिप्सी के पहिए



अब सप्ताह में एक दिन मंगलवार को सैलानियों के लिए अचानकमार टाइगर रिजर्व का रास्ता बंद होने के साथ जिप्सी का पहिया भी थमे रहेगा। इसके लिए नेशनल टाइगर कंजर्वेशन आथोरिटी एनटीसीए ने देश के सभी टाइगर रिजर्व को आर्डर किया है। एनटीसीए का आदेश मिलने के बाद एटीआर में भी इसे लागू कर दिया गया है। पर्यटन स्थलों के साथ अचानकमार टाइगर रिजर्व के जंगल में भ्रमण करने के लिए सैकडों सैलानियों की भीड़ रहती है। सैलानी कोर जोन में टाइगर व अन्य वन्यप्राणियों के साथ जंगल भ्रमण करने के लिए महीनों पहले बुकिंग करते हैं। सैलानियों को भ्रमण कराने के लिए एटीआर प्रबंधन ने जिप्सी की सुविधा देकर रखी है, जिसमें सैलानी सुबह और शाम दो पालियों में एटीआर भ्रमण करते हैं। जानकारी के अनुसार अचानकमार टाइगर रिजर्व के कोर जोन में सैलानियों को भ्रमण कराने के लिए वन प्रबंधन समिति की सात जिप्सी है, जिसमें से दो जिप्सी खराब होने की वजह से रिपेयरिंग के लिए भेज गई है। जिप्सी नहीं होने पर जंगल के रास्ते पर जाने वाली पेट्रोल और डीजल दोनों गाड़ियों को छूट दी गई थी, जो वर्तमान में बंद कर दी गई है। सात में से पांच जिप्सी एटीआर भ्रमण कराने के लिए चल रही है, जिसमें सैलानियों को भ्रमण कराने और वन्यप्राणियों की जानकारी देने के लिए 17 गाइड भी हैं। पूर्व में सप्ताह के सातों दिन एटीआर में सैलानियों को भ्रमण की छूट दी जाती थी। कुछ दिन पहले नेशनल टाइगर कंजर्वेशन आथोरिटी एनटीसीए ने देश के सभी टाइगर रिजर्व को सप्ताह में एक दिन गेट बंद रखे जाने का आदेश दिया है। इस आदेश के अनुसार अप्रैल माह से प्रति मंगलवार को सैलानियों के भ्रमण की सुविधा नहीं मिलेगी। जिप्सी बंद होने के साथ ही अब चालकों और समिति के सदस्यों को भी एक दिन का आराम मिल सकेगा।

---

हेल्थ कमिश्नर ने मेंटल हॉस्पिटल का किया औचक निरीक्षण, अधिकारियों को दिए निर्देश

# मॉडल मानसिक चिकित्सालय के रूप में विकसित होगा मेंटल हास्पिटल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

राज्य मानसिक चिकित्सालय सेंदरी का आयुक्त सह संचालक स्वास्थ्य सेवाएं डॉ. प्रियंका शुक्ला ने औचक निरीक्षण किया। उन्होंने समस्त वार्डों दौरा कर महत्वपूर्ण निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राज्य मानसिक चिकित्सालय सेंदरी प्रदेश का एकमात्र मानसिक चिकित्सालय है, जिसके लिए क्वालिटी एश्योरेंस पैरामीटर के सभी मापदंड का पालन करना होगा। विशेष टीम द्वारा चिकित्सालय का निरीक्षण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि चिकित्सालय को एक मॉडल मानसिक चिकित्सालय के रूप में विकसित किया जाना है, जिसके लिए वृहद स्तर पर टीम वर्क व समन्वय के साथ कार्य को पूरा किया जाना चाहिए।

डॉ. शुक्ला ने चिकित्सालय में प्रवेश द्वार निर्माण के लिए व सूचक बोर्ड को व्यस्थित करते हुए पूरे भवन का रंग-रोगन करने के लिए लोक निर्माण विभाग को निर्देशित किया। उन्होंने देखा कि अस्पताल में नर्सिंग स्टॉफ एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी है, लेकिन व्यस्थित ड्यूटी रोस्टर नहीं है। जिसे तैयार करने के निर्देश दिए ताकि चिकित्सालय में भर्ती मरीजों की देखभाल सुचारू रूप से हो सके। उन्होंने कहा कि चिकित्सालय में विभिन्न नर्सिंग संस्थानों से क्लिनिकल प्रशिक्षण में आने वाले नर्सिंग छात्र-छात्राओं की तीन पालियों में ड्यूटी निर्धारित की जाए और उनकी क्षमता अनुसार उनसे कार्य लिया जाए।डॉ. प्रियंका शुक्ला ने कहा कि चिकित्सालय शहर से 15 कि.मी. की दूरी पर है और मरीजो के लिए आवश्यक जांच के लिए 15-20 कि.मी. की दूरी तय करनी होती है, जिसके लिए एम्बुलेंस एवं मानव संसाधन लगते हैं।




कर्मचारियों से चर्चा करतीं आयुक्त सह संचालक स्वास्थ्य सेवाएं डॉ. प्रियंका शुक्ला।

#### मरीजों से संवेदनशीलता के साथ व्यवहार करें

डॉक्टर शुक्ला ने चिकित्सालय में कार्यरत स्टॉफ को निर्देशित किया कि ये चिकित्सालय राज्य का एक मात्र मानसिक चिकित्सालय है, जहां पर राज्य भर से मरीज इलाज के लिए आशा के साथ पहुंचते हैं, उनसे संवेदनशील व्यवहार किया जाए और उनका सहयोग हर स्तर पर किया जाए। निरीक्षण के दौरान राज्य कार्यक्रम अधिकारी डॉ. कमलेश जैन, संभागीय संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं डॉ. सुरेश कुमार तिवारी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रमोद तिवारी, अस्पताल अधीक्षक राज्य मानसिक चिकित्सालय सेंदरी डॉ. प्रभु चौधरी, लोक निर्माण विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

चिकित्सालय में ही मरीजों की संख्या एवं प्रदेश के एकमात्र मानसिक अस्पताल होने के कारण अस्पताल परिसर में ही सभी सुविधाएं सुनिश्चित हो, जिसके लिए प्रस्ताव तैयार कर भेजने के लिए अधीक्षक को निर्देश दिए।

---

टीएल की बैठक में लंबित मामलों के जल्द निराकरण पर जोर

## राजस्व अफसर ग्राम पंचायतों के प्रस्ताव पर बेजाकब्जा हटाएं



**बिलासपुर।** कलेक्टर अवनीश शरण ने टीएल की बैठक में राज्य सरकार की योजनाओं और लंबित प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा की। उन्होंने बताया कि जनता की समस्याओं का यथासंभव मौके पर समाधान के लिए ग्राम स्वराज की तर्ज पर बहुत जल्द अभियान शुरू होने वाला है। इसके पहले अधिकारी कर्मचारी अपने विभागीय काम-काज की समीक्षा कर लें।

प्राप्त शिकायतों का निराकरण कर लें। उन्होंने तालाबों पर से अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए। उन्होंने अगले 15 दिवस में ग्राम पंचायतों के प्रस्ताव के आधार पर बेजाकब्जा हटाने के निर्देश राजस्व अधिकारियों को दिए। बैठक में नगर निगम आयुक्त अमित कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। कलेक्टर ने कहा कि प्रधानमंत्री की यात्रा के बाद अफसरों को विकास कार्यों को तेज गति से करना होगा। कलेक्टर ने बैठक में बताया कि जनता की समस्या, शिकायत एवं मांगों की जानकारी हासिल करने राज्य सरकार ग्राम स्वराज योजना पर विचार कर रही है। 7 अप्रैल से राजस्व पखवाड़ा का भी बड़ा आयोजन हो रहा है।

#### छत से पानी टपका तो सब इंजीनियर होंगे निलंबित

कलेक्टर ने स्कूल जतन योजना की भी बैठक में समीक्षा की। उन्होंने कहा कि रिपेयर के बाद इस साल बरसात में छत से पानी टपकेगा अथवा लिकेज होगा तो संबंधित सब इंजीनियर को निलंबित किया जायेगा। काम करने वाले ठेकेदार को ब्लेक लिस्टेड किया जायेगा।

---

## सीवीआरयू के केमिस्ट्री विभाग ने जीता प्लेटिनम अवार्ड

**बिलासपुर।** रविंद्र नाथ टैगोर विवि में आयोजित शोध शिखर विज्ञान पर्व 2025 में डॉ. सीवी रमन विवि ने बाजी मारी है। इंडस्ट्री एकेडमिया कोलैबोरेशन फॉर कमर्शलाइजेशन कैटेगरी में विवि के मॉडल को सर्वोच्च प्लैटिनम अवार्ड प्राप्त हुआ है। इस मॉडल में विद्यार्थियों ने नैनो कंपोजिट बनाया है, जिसका उपयोग रेडियो और टेलीविजन सर्किट में डायरेक्ट करंट के लिए उपयोग किया जाएगा।

■ विद्यार्थियों ने बनाया नैनो कंपोजिट

रवींद्रनाथ टैगोर विवि भोपाल में अंतरराष्ट्रीय शोध एवं नवाचार सम्मेलन शोध शिखर विज्ञान पर्व 2025 का आयोजन 28 और 29 मार्च को किया गया। इस वर्ष कार्यशाला का विषय विकसित भारत नया भारत रखा गया था। जिस पर मुख्य अतिथि के रूप में शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के राष्ट्रीय सचिव अतुल कोठारी ने शिरकत की। इसमें विवि के विद्यार्थियों ने अपने मॉडल प्रस्तुत किया, जिसमें कि डॉ. सीवी रमन विश्वविद्यालय ने मॉडल प्रस्तुत कर यह खिताब अपने नाम कर लिया है। विभाग के डॉ. रश्मि वर्मा, डॉ. अभिषेक शर्मा, मानसी गुप्ता एवं क्षितिज राठौर ने यह मॉडल तैयार किया।



#### विद्यार्थियों ने किया शानदार प्रदर्शन

कुल सचिव डॉ. अरविंद तिवारी ने बताया कि हमारे विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया है। डॉ. जयति चटर्जी मित्रा ने कहा कि इस टीम में डॉ.एके श्रीवास्तव एवं डॉ. संगीता सिंह के नेतृत्व में रविंद्र नाथ टैगोर विवि गई थी। टीम में डॉ. अनुपम तिवारी, डॉ. काजल मोहित्रा, डॉ. ममता साहू, जोयता मुखर्जी, धनंजय इंगले, स्मृति पटेल, जयप्रकाश साहू आदि शामिल थे।

#### विवि तेजी से रिसर्च क्षेत्र में कर रहा काम

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर प्रदीप कुमार घोष ने कहा कि यह डिवाइस इकोनामी और इको फ्रेंडली है। जिसके माध्यम से रेडियो और टेलीविजन सर्किट में काम किया जा सकता है। यह नैनो कंपोजिट के नाम से विद्यार्थियों ने तैयार किया है। उन्होंने कहा कि रिसर्च के क्षेत्र में विश्वविद्यालय तेजी से काम कर रहा है।

---

## मारुति डेंटल क्लिनिक का उप मुख्यमंत्री ने किया उद्घाटन

**बिलासपुर।** शहर में आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित मारुति डेटल क्लिनिक का शुभारम्भ हुआ। जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने हिन्दू नववर्ष पर फीता काट कर किया।

**बिजनेस प्लस**

इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. प्रमोद तिवारी, स्थानीय गणमान्य व्यक्तियों, चिकित्सकों और नागरिको की उपस्थित रहे। इस क्लिनिक के संस्थापक डॉ.भूपेन्द्र साहू ने बताया कि वे विगत 12 वर्षों से मारुती डेंटल क्लिनिक का संचालन कर रहे हैं और आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए नए क्लिनिक का शुभारंभ किया गया है जो कि साइंस कालेज, सरकंडा स्थित अशोक विहार फेन-2 में स्थित है।

इस क्लिनिक में दंत चिकित्सा से जुड़ी अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। जहां पर तकनीकी उपकरणों के साथ-साथ अनुभवी दंत चिकित्सकों की टीम भी मौजूद रहेगी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि अरुण साव ने कहा कि यह डेंटल क्लिनिक स्थानीय निवासियों के लिए लाभकारी सिद्ध होगा और उन्हें भविष्य में बेहतर उपचार उपलब्ध कराएगा।



---

## 411 करोड़ का मेडिकल खरीदी घोटाला, अग्रिम जमानत खारिज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने सीजीएमएससी में 411 करोड़ के मेडिकल उपकरण खरीदी घोटाले के 4 आरोपियों की अग्रिम जमानत अर्जी खारिज कर दी है। कोर्ट ने माना कि एसीबी और ईओडब्ल्यू की प्रारंभिक जांच में इनकी भूमिका सामने आई है लिहाजा जमानत का लाभ नहीं दिया जा सकता है।

ध्यान रहे कि एसीबी और ईओडब्ल्यू की टीम ने मोक्षित कार्पोरेशन, रिकॉर्ड्स और मेडिकेयर सिस्टम, श्री शारदा इंडस्ट्रीज, सीबी कार्पोरेशन के खिलाफ धारा 120-बी, 409 आईपीसी और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 13(2), 13(1)(ए), 7(सी) के तहत मामला दर्ज किया है। दरअसल, स्वास्थ्य विभाग ने साल 2021 में उपकरणों और मशीनों की खरीदी की प्रक्रिया शुरू की थी। सीजीएमएससी (छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेज कॉर्पोरेशन लिमिटेड) ने 26-27 दिन में 411 करोड़ की खरीदी का आदेश जारी किया। इसमें आरोप है कि मशीनों की जरूरत का सही आंकलन नहीं किया गया। भंडारण की सुविधा भी नहीं थी। इसके बाद भी बड़ी संख्या में मशीनें खरीदी गईं। रीएजेंट की रख-रखाव की कोई व्यवस्था नहीं थी, फिर भी स्वास्थ्य केन्द्रों में स्टोर करा दिया गया। वहीं सीजीएमएससी के अधिकारियों की ओर से रीएजेंट सप्लाई करने वाली कंपनी को व्यक्तिगत लाभ पहुंचाने शासन की प्रक्रिया का पालन नहीं करते हुए खरीदी की गई। यह भी आरोप है कि ईडीटीए ट्यूब 2352 रुपए प्रति नग की दर से खरीदी गई, जबकि अन्य संस्थाएं यही ट्यूब 8.50 रुपए में खरीद रही थीं। इससे करोड़ों का नुकसान हुआ।



■ कंपनी के कर्मचारी, प्रमोटर, निदेशक और कार्यकारी निदेशक ने दायर की थी याचिका

### पंचायत विभाग के निलंबित ज्वाइंट डायरेक्टर की याचिका खारिज

हाईकोर्ट ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के निलंबित ज्वाइंट डायरेक्टर अशोक चतुर्वेदी की याचिका खारिज कर दी है। उन्होंने एसीबी की ओर से दर्ज आय से अधिक संपत्ति के केस को निरस्त करने के लिए याचिका लगाई थी। केस की सुनवाई के दौरान एसीबी ने बताया कि सेवाकाल के दौरान अफसर की कुल आय 68 लाख रुपए थी, जबकि उनसे 31 करोड़ की चल-अचल संपत्ति के दस्तावेज और सबूत मिले हैं। पंचायत एवं ग्रामीण विभाग के जॉइन डायरेक्टर अशोक चतुर्वेदी के खिलाफ एसीबी ने आय से अधिक संपत्ति का केस दर्ज किया है। इससे पहले एसीबी ने उनकी संपत्ति की जांच की थी, जिसके बाद उनके ठिकानों में छापेमारी भी की थी। जांच के बाद 28 अगस्त 2023 को भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 13(1)(बी) और 13(2) के तहत अंतिम रिपोर्ट दाखिल की। यह मामला विशेष न्यायाधीश (पीसी एक्ट), रायपुर की अदालत में ट्रायल पर है। आरोपी अफसर के खिलाफ साक्ष्य मिलने पर राज्य शासन ने उसे सस्पेंड कर दिया है। इसके साथ ही एसीबी की टीम उसकी तलाश भी कर रही थी। इस बीच आरोपी अफसर ने हाईकोर्ट में याचिका लगाई थी। इसमें अपने खिलाफ दर्ज आपराधिक मामले को निरस्त करने की मांग की गई थी। इस मामले में हाईकोर्ट ने नोटिस जारी कर जवाब मांगा था। याचिकाकर्ता की तरफ से कहा गया कि उनका रिकॉर्ड साफ है। वह जांच का सामना करने को तैयार है। आरोप लगाया कि राज्य सरकार ने राजनीतिक दुर्भावना के कार्रवाई की थी। पत्नी को एफआईआर में आरोपी नहीं बनाया गया था लेकिन अंतिम रिपोर्ट में शामिल किया गया है।

---

## रतनपुर, राजिम, शिवरीनारायण, डोंगरगढ़ में मांस मदिरा की बिक्री बंद की जाए

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ी ब्राह्मण विकास परिषद व छत्तीसगढ़ी ब्राह्मण नारी कल्याण समाज के द्वारा बिलासपुर जिला कलेक्टर को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नाम ज्ञापन सौंपा गया है, जिसमें उन्होंने मांग किया है कि छत्तीसगढ़ के पवित्र नगरों में मांस मदिरा का विक्रय बन्द हो एवं प्रत्येक शहर में निश्चित स्थान पर इनकी बिक्री निर्धारित की जाए।

दोनों समाज के लोगों ने छत्तीसगढ़ की धार्मिक नगरीय रतनपुर, राजिम, शिवरीनारायण एवं डोंगरगढ़ पवित्र नगर घोषित करते हुए यहां मांस मदिरा का विक्रय पूर्णत बंद किया जाए। साथ ही अन्य शहरों में मांस मदिरा के विक्रय के लिए एक निश्चित स्थान निर्धारित किया जाए। कुछ शहरों में पहले से स्थान निर्धारित है, लेकिन इसका पालन नहीं किया जा रहा है। गली-मोहल्ले में खुलेआम मांस मदिरा बिक रहा है। पशुओं को काटा जा रहा है। जिन शहरों में स्थान निर्धारित ना हो वहां स्थान सुनिश्चित किया जाए। मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में ब्राह्मण समाज ने कहा है कि प्रतिदिन समाचार पत्रों एवं सोशल मीडिया में लव जिहाद एवं धर्मांतरण के समाचार आते रहते हैं। अन्य धर्म के संस्थानों द्वारा बड़े-बड़े सभा आयोजन करके और प्रलोभन देकर हमारे गरीब हिंदू भाई बहनों को धर्म परिवर्तन करा लेते हैं। इसके कारण सामाजिक समरसता बिगड़ती जा रही है। मांग करने वालों में परिषद के अध्यक्ष डॉ. प्रदीप शुक्ला, नारी कल्याण समाज की अध्यक्ष श्रीमती जयश्री शुक्ला, संजय शर्मा, नागेंद्र धर शर्मा, प्रणव शर्मा, निर्मेश गौरहा, शस्मिता शर्मा आदि ने अपर कलेक्टर कुरुवंशी एवं मुख्यमंत्री से मिलकर ज्ञापन सौंपा है।

■ ब्राह्मण समाज ने की छग में समान नागरिक संहिता लागू करने की मांग

हरिभूमि लाइव
बिलासपुर, बुधवार 2 अप्रैल 2025
Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255

सम्मान

## सीयू के प्रो . कुशवाहा सारस्वत पुरस्कार से सम्मानित

**बिलासपुर।** गुरु घासीदास विश्वविद्यालय के कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग विभाग के प्रो. आलोक कुमार सिंह कुशवाहा को अचला एजुकेशन फाउंडेशन ट्रस्ट, अहमदाबाद गुजरात द्वारा शिक्षा और उद्यमिता के क्षेत्र में सराहनीय योगदान के लिए सारस्वत पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। पुरस्कार प्राप्ति के उपरांत प्रो. आलोक कुमार सिंह कुशवाहा ने विश्वविद्यालय के कुलपति आलोक कुमार चक्रवाल से भेंट की। प्रो. कुशवाहा ने कहा कि कुलपति मार्गदर्शन के साथ ही शैक्षणिक उत्कृष्टता के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता का परिणाम है कि शिक्षकों के शैक्षणिक योगदान को राष्ट्रीय सम्मान प्राप्त हो रहा है। कुलपति ने प्रो. कुशवाहा को पुरस्कार प्राप्ति पर बधाई देते हुए कहा कि आपने राष्ट्रीय स्तर पर विश्वविद्यालय का मान बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि अचला फाउंडेशन द्वारा प्रदान यह पुरस्कार आपके द्वारा शैक्षिक एवं उद्यमिता के क्षेत्र में किए गए कार्यों की सर्वमान्यता है। उन्होंने कहा कि शोध, अनुसंधान तथा नवाचार के क्षेत्र में निरंतर प्रगति कर विश्वविद्यालय के नाम को रौशन करें। प्रो. आलोक कुमार सिंह कुशवाहा ने कहा कि विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत अनुभवजन्य शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया गया है। जिसके परिणामस्वरूप विश्वविद्यालय में 30 से ज्यादा स्टार्ट अप कार्य कर रहे हैं। उन्होंने विशेष रूप से डीएसटी टेक और डीएसटी निधि आई-टीबीआई जैसे उद्यमिता केंद्रों की स्थापना की सराहना की, जो विश्वविद्यालय में नवाचार और स्टार्टअप संस्कृति को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इस अवसर पर मंचस्थ अतिथियों में डॉ. कुबेरभाई डिंडोर, प्राथमिक, माध्यमिक एवं प्रौढ़ शिक्षा मंत्री, गुजरात सरकार, डॉ. सुभाष ब्रह्मभट्ट, कुलपति केएन विश्वविद्यालय, पद्मश्री डॉ. देवेन्द्रभाई पटेल उपस्थित रहे।



आयोजन

## गौ सेवा धाम ने गौवंशों को कराया भंडारा, आमजन से भी की अपील

**बिलासपुर।** गौ सेवा धाम द्वारा रोड पर भंडारा का आयोजन किया गया, जिसमें रोड पर विचरण करने वाले गौवंशों को भंडारा करवाया गया। जिसमें पत्ता गोभी, फुल गोभी, ककड़ी, खीरा, टमाटर, लोकी, भिण्डी, कुमडा, भाटा, गाजर, आलू, चोकर फल, केला आदि सब्जी के साथ गौ माता का भंडारा का हुआ, सदर बाज़ार,गोंडपारा,जूनी लाइन मसान गंज तेलीपारा और मोपका रेलवे क्षेत्र पर गौ भंडारा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विपुल शर्मा,गोपाल कृष्ण रामानुज दास,शत्रुघ्न कृष्ण, शुभम-शुक्ला आशीष यादव,बाबा शर्मा,मनजीत सिंह ,विकास यादव,शुभम साहू, शिवांश पांडेय,आशीष त्रिपाठी रवि ,विशु साहू,रेखा शर्मा,गौरव शर्मा,प्रमोद वस्त्रकार,राहुल राय,जितेन्द्र लकड़ा आदि गौ सेवक उपस्थित रहे जिसमे सभी ने गौ माता नंदी बाबा को भंडारा कराया। गौ सेवा धाम ने लोगों से अपील की है की भंडारा का आयोजन गौ माता के लिए सभी करे कोई भी जन्मदिन हो सालगिरह हो या हो पुण्यतिथि या हो समारोह या आयोजन या हमारे कोई भी हिंदू त्योहार हनुमान जन्मो उत्सव, श्री रामनवमी, दुर्गाष्टमी कोई भी त्योहार पर एक भंडारा गौं वंशों के लिए भी जरूर करना चाहिए।



शिविर

## तनाव मुक्ति की संजीवनी बूटी है सकारात्मक विचार



**बिलासपुर।** मन में चलने वाले लगातार नकारात्मक विचार कई समस्याओं का कारण बनते जा रहा है। यही मानसिक और शारीरिक बीमारियों का मूल कारण भी है। तनाव और तनाव से क्रोध की उत्पत्ति होती है। सकारात्मक चिन्तन से हमारा मनोबल मजबूत बन सकता हैं। तनाव मुक्ति की संजीवनी बूटी भी है। हम क्रोध व तनाव मुक्त जीवन भी जी सकते हैं। उक्त बातें माउंट आबू राजस्थान से आए ब्रह्माकुमार भगवान भाई ने ओम शांति सरोवर उसलापुर सेवा केंद्र में सकारात्मक विचारों से खुशहाल जीवन विषय पर बोलते हुए कही। उन्होंने कहा कि सकारात्मक चिंतन से सहनशीलता आती है। बुराई में भी अच्छाई देखने का प्रयास करने से मन पर काबू पाया जा सकता है। मन में चलने वाले विचारों से ही स्मृति, वृत्ति, भावना, दृष्टिकोण और व्यवहार बनता है। ऐसा होने से मन में तनाव पैदा होता है। उन्होंने कहा कि विकारों से स्वयं की रक्षा करनी है। सकारात्मक विचारों का स्त्रोत आध्यात्मिकता है। वर्तमान में स्वयं को सकारात्मक बनाने की आवश्यकता है। सकारात्मक सोचने वाला हर परिस्थिति को स्वीकार कर विजयी बन सकता है। उन्होंने बताया कि तनाव से व्यसन की बुरी आदतें लगती है। भगवान भाई ने मनोबल, आत्मबल बढ़ाने और तनाव मुक्ति हेतु सभी को राजयोग भी कराया। कार्यक्रम में बीके छाया बहन प्रभारी उसलापुर, कृष्णा बहन, गरिमा बहन, शारदा बहन, अनामिका बहन, खुशी बहन, ओमी बहन, दुर्गा बहन, विनोद भाई, धीरज भाई, विकास भाई उपस्थित थे।

# बोर्ड के बाद होंगी प्रतियोगी परीक्षाएं

## नीट, एनडीए व जेईई एडवांस के भी एग्जाम होंगे आयोजित

### JEE Mains 2025

### जेईई में बेस्ट वन होगा काउंट

आचार्या स्टीट्यूट के डायरेक्टर संदीप द्विवेदी ने बताया की जेईई मेंस की परीक्षा जनवरी व अप्रैल में दोनों में से एक परीक्षा का बेस्ट वन रिजल्ट को काउंट किया जाएगा। इसमें जिस परीक्षा का रैंक अच्छा होगा उन स्टुडेंट को देश के तमाम एनआईटी में प्रवेश मिल पाएगा। इसमें फीजिक्स,कैमेस्ट्री व मैथ्स के विषयों से सबंधित प्रश्न पूछे जाते है। यह तीन सौं अंक की परीक्षा होती है।

### नीट में 10 हजार से अधिक स्टुडेंट देंगे एग्जाम

नीट की परीक्षा को शहर में बड़ी संख्या में स्टुडेंट परीक्षा देंगे इसकी तैयारी के लिए अभी से जुट गए है,इस परीक्षा को क्वालीफाई करने से एमबीबीएस,बीडीएस सहित तमामअन्य मेडिकल फील्ड में पढाई करने कॉलेज का रैंक के अनुसार चयन होता है। यह परीक्षा एवर ग्रीन है,इसमें स्पर्धा भी बहुत होती है,जिसके वजह से कटऑफ अत्यधिक जाता है।



### जेईई मेंस आज

बोर्ड एग्जाम खत्म होते ही छात्र जेईई,नीट,एनडीए की परीक्षा की तैयारी में जुट गए है, स्टुडेंट कोचिंग और पर्सनल नोट्स की मदद से एग्जाम की तैयारी कर रहे है। नेशनल टेस्ट एजेंसी तीन बड़ी परीक्षा लेने जा रहा है,जिसमें जेईई मेंस व एडवांस और नीट मेडिकल की परीक्षा को एनटीए द्वारा आयोजित की जाएगी। जेईई मेन की परीक्षा बुधवार से शुरू होने जा रही है, यह परीक्षा 8 अप्रैल तक चलेगी जिसका रिजल्ट 17 अप्रैल का आएगा।

**बिलासपुर।** नेशनल डिफेंस एकेडमी और नेवल एकेडमी 1 एग्जाम 13 अप्रैल को आयोजित की जाएगी। बता दें कि हर साल एनडीए और एनए 1 परीक्षा साल भर में दो बार आयोजित की जाती है। युपीएससी द्वारा ही सीएससी व सीडीएस 1 की परीक्षा आयोजित की जाएगी इसकी परीक्षा 13 अप्रैल का होगी। 18 अप्रैल को बीटसेट की परीक्षा होगी। सरकारी नौकरी और मनपसंद कॉलेज में दाखिले के लिए प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी जरूरी है। इन दिनों सभी क्षेत्र में प्रतियोगिता बढ़ गई है, इसके चलते प्रतिभागी दूसरों से कुछ बेहतर करने की योजना बनाते अच्छे अंक से ही प्रतिभागी अपने उज्ज्वल भविष्य की नींव रख सकते हैं। शहर स्थित विभिन्न कोचिंग संस्थाओं द्वारा परीक्षा की तैयारी करवाई जा रही है। जिसमें शॉर्ट नोट्स, कठिन प्रश्नों को लंबे समय तक याद रखने की टेक्निक और क्लास टेस्ट से रीविजन कराया जा रहा है। संस्थान प्रबंधकों ने बताया कि सभी परीक्षा में तैयारी सही रूपरेखा के साथ की जाए तो सफलता निश्चित मिलती है। तैयारी के दौरान अभ्यर्थी का दृढ़ निश्चय और सीखने का जुनून उन्हें सफल बनाता है। परीक्षा की तैयारी शुरू करने से पहले सिलेबस को समझें और पिछले कुछ वर्षों के प्रश्नपत्रों से तैयारी करें, ऐसा करने से प्रतिभागियों की आधी समस्या दूर हो जाती है और वे बेहतर ढंग से तैयारी पूर्ण कर सकते हैं।



### एनसीईआरटी की किताबों से जेईई मेन की तैयारी

प्रोफेसर कुणाल सिंह ने बताया कि पिछले कुछ सालों के पेपर में सबसे ज्यादा प्रश्न एनसीईआरटी की किताबों से ही पूछे गए हैं। जेईई मेन्स के अध्ययन के दौरान कैमिस्ट्री विषय की तैयारी एनसीईआरटी की टेक्स्ट बुक्स व अन्य स्टडी मटेरियल से करना सही रहेगा, कठिन विषयों के प्रश्नों को लगातार हल करके देखें। फिजिक्स विषय की तैयारी के दौरान 12वीं की किताबों की मदद ले सकते हैं, परीक्षा में प्रश्न स्कूल के सिलेबस के आधार पर ही तय किए जाते हैं। कैमिस्ट्री विषय में बॉयोमोलीक्यूल, कैमिस्ट्री इन एवरीडे लाइफ, पॉलीमर, सरफेस कैमिस्ट्री, एनवायरमेंटल कैमिस्ट्री, सॉलिड स्टेट, मेटलर्जी व कॉर्डिनेशन कैमिस्ट्री टॉपिक्स महत्वपूर्ण हैं।

### विश्व कल्याण के लिए मंदिर में चल रही भागवत कथा

## ‘श्रद्धा व सत्संग से प्रकट होती है शक्ति’

श्री पीताम्बरा पीठ त्रिदेव मंदिर सुभाष चौक सरकण्डा में चैत्र नवरात्र पर्व पर शहर एवं विश्व कल्याण के लिए श्रीमद् देवी भागवत महापुराण कथा आयोजित की गई है। वहीं देवी की ब्रह्मचारिणी देवी के रूप में पूजन कर आराधना की गई।



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पीठाधीश्वर आचार्य डॉ. दिनेश महाराज ने बताया कि नवरात्रि के प्रत्येक दिन मां श्री ब्रह्मशक्ति बगलामुखी देवी का पूजन, श्रृंगार भिन्न-भिन्न देवियों के रूप में किया जा रहा है। सुबह श्री शारदेश्वर पारदेश्वर महादेव का रुद्राभिषेक, श्री महाकाली, महालक्ष्मी, महा सरस्वती देवी का श्रीसूक्त षोडश मंत्र द्वारा दूधधारिया अभिषेक, परमब्रह्म मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम का श्रृंगार, पूजन, सिद्धि विनायक भगवान का पूजन, श्रृंगार किया गया। कथा व्यास आचार्य मुरारी लाल त्रिपाठी राजपुरोहित कटघोरा कोरबा ने श्रीमद् देवी भागवत कथा में कहा कि संपूर्ण संसार मां पीताम्बरा के संकल्प से रचित है, इसलिए मां के दिए हुए पदार्थों से मां का पूजन, अर्चन मां की प्रसन्नता में चार चांद लगा देता है। जिस भी साधक ने समृद्धि और संस्कार पाए हैं वह सभी मां की कृपा पात्र हैं। सभी के शरीर में शक्ति का वास है पर शक्ति श्रद्धा और सत्संग से प्रकट होती है। जब भी देवता और मानव संकट में पड़े हैं तब-तब देवी भागवत की कथा और निवारण मंत्र से संकट दूर हुए हैं। संसार में पृथ्वी जलहरी, उमा है। पृथ्वी रूपी पार्वती के अभिषेक से शिव भगवान साधक को सत्यम शिवम सुंदरम में सफल बनाते हैं।

### इन संतों की रहेगी सहभागिता

पूरे नवरात्रि के दौरान महामण्डलेश्वर श्री 1008 श्री स्वामी मनमोहनदास महाराज, राधे-राधे बाबा इंदौर संयुक्त मंत्री अखिल भारतीय संत समिति, स्वामी जितेंद्रानंद सरस्वती महाराज, राष्ट्रीय महामंत्री अखिल भारतीय संत समिति, स्वामी श्यामानंद महाराज प्रयागराज उत्तरप्रदेश, स्वामी सर्वेश्वरानंद सरस्वती महाराज, भक्ति पीठाधीश्वर हापुड उत्तरप्रदेश, स्वामी अभेदानंद सरस्वती महाराज, परमार्थ ज्ञान मंदिर कनखल हरिद्वार उत्तराखंड, साध्वी गिरिजेशनंदिनी, भजनानंद वनवासी सेवा आश्रम केंदई जलप्रपात मोरगा, आचार्य सुभेष शर्मन राष्ट्रीय प्रमुख अखिल भारतीय संत समिति दिल्ली सहित विभिन्न संतों, विद्वानों की सहभागिता रहेगा।

अखिल भारतीय अग्रवाल महिला सम्मेलन छत्तीसगढ़ प्रदेश इकाई बिलासपुर का हिन्दू नववर्ष और गणगौर का सिंधारा निम्बार्क भवन विद्यानगर में मंगलवार को मनाया गया। इस दौरान गणगौर तंबोला हाउजी खेली गई। श्लोक, कविता बोलो प्रतियोगिता कराई गई। इसमें महिलाओं, युवतियों की उत्साहपूर्ण भागीदारी रही।

### प्रतिभागियों ने सुनाई कविता, श्लोक, निम्बार्क भवन में सिंधारा

## महिलाओं ने तंबोला हाउजी खेलकर लिया आनंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

संस्था की प्रदेश अध्यक्ष आशा अग्रवाल ने बताया कि श्लोक या कविता बोलो प्रतियोगिता के लिए सभी प्रतिभागियों को 2 मिनट का समय दिया गया। इस अवधि में प्रतिभागियों ने एक से बढ़कर एक कविताएं पढ़ी एवं श्लोक भी सुनाया। दूसरी प्रतियोगिता में गणगौर के यादगार पलों की एक मिनट की रील बनाकर भेजना था। इसमें भी अनेक प्रतिभागियों ने गणगौर पर आधारित कई मधुर पलों को कैद कर भेजा। सभी विजेता प्रतिभागियों को इनाम दिया गया। समयबद्धता पुरस्कार भी दिया गया। अंत में लजीज व्यंजनों का आनंद लिया गया। कार्यक्रम में गणगौर तंबोला हाऊजी खेली गई। इसमें शब्द निकलने के हिसाब से गीत गाए जाते रहे। इससे पूरा माहौल संगीतमय बना रहा। इस खेल का सभी ने अंत तक आनंद उठाया एवं जमकर इंजॉय किया।



### इनकी रही उपस्थिति

इस मौके पर उषा अग्रवाल, ज्योति सुल्तानिया, निधि अग्रवाल, उषा सुल्तानिया, अनिता गणेश अग्रवाल, सुमन अग्रवाल सहित समाज की अन्य महिलाओं की भारी संख्या में उपस्थिति रही।

स्पोर्ट्स न्यूज

### एक माह तक चलेगा बच्चों के बीच क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन, क्रिकेट के गुर भी सीखेंगे

## एफसीए प्रीमियर लीग का आज शुभारंभ, पांच टीम भाग लेंगी



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

फाउंडेशन क्रिकेट मैदान में आज से एफसीए प्रीमियर लीग अंडर- 12 -सीजन -6 का शुभारंभ होने जा रहा है। उद्घाटन मैच एफसीए इंडियन तथा एफसीए टाइटन के बीच होगा। एफसीए प्रीमियर लीग मैच के लिए आज खिलाड़ियों का आक्शन किया गया। तथा टी-शर्ट का लांचिंग किया गया।

आज से प्रारंभ होने वाले एफसीए प्रीमियर लीग में 12 वर्ष तक के खिलाड़ियों में पाच टीमें भाग लेंगी। जिसमें एफसीए इंडियन, एफसीए टाइटन, एफसीए सुपर किंग, एफसीए रॉयल्स, किंग इलेवन एफसीए की टीम शामिल होगी। आज प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच शाम 6 बजे प्रारंभ होगा। 1 महीने तक इन पांचो टीमों के बीच फाउंडेशन क्रिकेट खेल मैदान में प्रतिदिन शाम 6 बजे से मैच शुरू होगा । प्रतिदिन एक मैच खेले जाएंगे। प्रत्येक मैच 15-15 ओवर का होगा। एफसीए प्रीमियर लीग अंडर -12 सीजन- 6 में आज खिलाड़ियों के ऑप्शन तथा टी-शर्ट लॉन्चिंग के दौरान खिलाड़ी बच्चों के अभिभावक तथा तथा फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी से जुड़े सदस्य उपस्थित थे। एफसीए प्रीमियर लीग सीजन 6 अंदर 12 सीजन में 6 में 12 वर्ष तक के बच्चों के बीच क्रिकेट टीम बनाकर एक महीने तक बोलिंग, बैटिंग ,क्षेत्ररक्षण तथा फिटनेस के साथ ही नई टेक्नोलॉजी के साथ क्रिकेट के गुण नए क्रिकेटरों को सिखने का अवसर मिलेगा।

फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी खेल मैदान में सीनियर कोच तथा वरिष्ठ क्रिकेट खिलाड़ियों की उपस्थिति में प्रतिदिन मैच खेले जाएंगे। प्रत्येक टीम 8 मैच खेलेगी और आखिरी सप्ताह में क्वालीफाई और और फाइनल मैच खेले जाएंगे। खिलाड़ियों के माता-पिता भी इस प्रतियोगिता में अपने बच्चों का उत्साह बढ़ाने के लिए उपस्थित रहेंगे। आज खिलाड़ियों का ऑप्शन और और शर्ट लॉन्चिंग पर बच्चों में काफी उत्साह देखने को मिला। और सभी ने नवोदित खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए बच्चों का उत्साह बढ़ाया।

## गर्मी के साथ ही एनईआई स्वीमिंग पूल में शुरु हुआ छपाक-छपाक

गर्मी बढ़ने के साथ रेलवे के नार्थ ईस्ट इंस्टीट्यूट के स्वीमिंग पूल में छपाक-छपाक की शुरुआत हो गई है। जिला तैराकी संघ के सचिव हेमंत सिंह परिहार ने बताया कि प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष 2025 में एक अप्रैल से एनईआई के स्वीमिंग पूल में तैराकी का प्रशिक्षण शिविर प्रारंभ कर दिया गया है। इसकी शुरुआत मंगलवार की शाम से की गई है। दो माह तक चलने वाले प्रशिक्षण शिविर के दौरान खिलाड़ियों को आगामी दिनों में आयोजित होने वाले क्षेत्रीय, जिला, राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए तैयार किया जाएगा। इस प्रशिक्षण शिविर में पांच वर्ष से लेकर जूनियर और सीनियर वर्ग के बच्चे भी शामिल हो रहे हैं। इन सभी बच्चों को प्रशिक्षित करने के लिए राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षक ट्रेनिंग दे रहे हैं। इस दौरान रेलवे के बच्चों, महिलाओं और अन्य वर्गों के लिए स्वीमिंग पूल में भी अलग समय तय किया गया है, ताकि उन्हें भी किसी तरह की परेशानी न हो।



## स्पेशल ओलंपिक : वर्ष भर की गतिविधियों की दी जानकारी, समिति में चुने गए सदस्य



स्पेशल ओलंपिक भारत छत्तीसगढ़ की आम सभा की बैठक एवं निर्वाचन का कार्य संपन्न हुआ। जिसमें विभिन्न जिले के प्रतिनिधि एवं सदस्यगण सम्मिलित हुए। विगत वर्षों में खिलाड़ियों द्वारा राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय उपलब्धियों की गतिविधियों का विवरण एरिया डायरेक्टर डॉ. प्रमोद कुमार तिवारी द्वारा दिया गया। तत्पश्चात निर्वाचन अधिकारी दिलीप इंगले द्वारा चुनाव की प्रक्रिया संपन्न कराई गई। जिसमें आगामी वर्षों के लिए अध्यक्ष अरुंधति कुलकर्णी, उपाध्यक्ष भूपेंद्र कुलदीप, सचिव एरिया डायरेक्टर डॉ. प्रमोद कुमार तिवारी, कोषाध्यक्ष सुधीर चिटनविश, सहसचिव यीतेश कुमार साहू, स्पोर्ट्स डायरेक्टर एक्सपर्ट रवि जैन, बौद्धिक दिव्यांगता विशेषज्ञ डॉ. मीना गुप्ता, स्टेट फैमिली समिति अध्यक्ष कविता पुजारा, स्टेट बिजनेस एक्सपर्ट विनोद अग्रवाल, कार्यकारिणी सदस्य राघवेंद्र प्रताप सिंह, परिवेश ठाकुर, प्रिया यादव, गंगा प्रसाद, पूजा मल्होत्रा, डॉ. अजय लांजेवर चुने गए। चुनाव के पूर्व एरिया डायरेक्टर द्वारा उपलब्धियों की जानकारी दी गई। अनुराग प्रसाद द्वारा पावरलिफ्टिंग स्पेशल ओलंपिक वर्ल्ड गेम बर्लिन जर्मनी में भाग लिया गया, जिसमें उन्होंने तीन गोल्ड और एक सिल्वर मेडल प्राप्त किया। एशिया पेसिफिक स्पेशल ओलंपिक बोलिंग प्रतियोगिता में सिमरन पुजारा द्वारा महिला वर्ग में दो गोल्ड, एक ब्रान्ज एवं इबानन द्वारा पुरुष वर्ग में एक सिल्वर, एक ब्रान्ज मेडल प्राप्त हुआ। बोच्ची खेल में इब्नेजर डेविड ने दो सिल्वर एवं एक ब्रान्ज मेडल प्राप्त किया। समिति के गठन पश्चात सभी सदस्यों द्वारा स्पेशल ओलंपिक छत्तीसगढ़ के आगामी होने वाले खेल प्रतियोगिताओं एवं कार्यक्रम को संचालित करने में सहयोग करने की बात कही गई।

## डिपार्टमेंटल प्रीमियर लीग में तीसरे दिन पांच मैच खेले गए



शारीरिक शिक्षा शिक्षा संघ बिलासपुर के तत्वाधान में मिनी स्टेडियम बिलासपुर में डिपार्टमेंटल प्रीमियर लीग का आयोजन किया जा रहा है,आयोजन सचिव अख्तर खान ने बताया कि अतिथि के रूप में पद्मश्री अवार्ड से सम्मानित प्रेमचंद ढींगरा, डॉ अजय सिंह मौजूद थे। तीसरे दिन 5 मैच खेले गए पहला मैच बेमेतरा गुरुजी वह जशपुर टीचर्स के मध्य खेला गया जिसमें जशपुर टीचर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 औरों में 7 विकेट होकर 140 रन बनाएं लक्ष्य का पीछा करने उतरी बेमेतरा गुरुजी की टीम मात्र 39 रन ही बना सकी। इस मैच के मैन ऑफ द मैच योगेश जिन्होंने 5 विकेट प्राप्त किया, दूसरा मैच बेमेतरा टीचर्स व पंजाब नेशनल बैंक बिलासपुर के मध्य खेला गया। पंजाब नेशनल बैंक ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 4 विकेट के नुकसान पर 59 रन बनाएं बीमा तेरा टीचर्स ने यह लक्ष्य मात्र पांच औरों में दो विकेट होकर बना लिया इस मैच के मैन ऑफ द मैच प्रेम निषाद जिन्होंने 19 बॉल में 49 रन बनाया इस मैच के निर्णायक जयप्रकाश मानिकपुरी व मुकेश कश्यप थे तीसरा मैच एसबीआई बिलासपुर व सेंट्रल जेल बिलासपुर के मध्य खेला गया। जिसमें पहले बल्लेबाजी करते हुए एसबीआई बिलासपुर ने निर्धारित 10 ओवरों में 80 रन बनाएं वही सेंट्रल जेल बिलासपुर कर 59 रन ही बना पाई इस मैच के मैन ऑफ द मैच गगनदीप सिंह राय जिन्होंने 25 रन और 4 विकेट लिए इस मैच के निर्णायक आसिफ अली व अमित यादव रहे। इस लक्ष्य को टाइटंस एजुकेशन ने दो विकेट होकर बना लिया इस मैच का मैन ऑफ द मैच अनीस कौशिक रहे। इस मैच के निर्णायक विजय मिश्रा व संदीप गहरे थे आयोजन को सफल बनाने में योगेश पांडे विवेक दुबे अमित तिवारी अमित मिश्रा आदि शामिल है।

## खबर संक्षेप

### गायत्री परिवार ने लगवाई पानी टंकी

**तखतपुर।** 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ बेलसरी द्वारा विगत दिनों यज्ञ उपरांत जन सेवा के नियमित अनुयाज अंतर्गत महामाया मंदिर बेलसरी के पास चौक में पानी टंकी जल सेवा हेतु स्थापित की गई। उप जोन प्रवक्ता नारायण प्रसाद पाली गायत्री परिवार बिलासपुर संभाग ने बताया कि इस अवसर पर आयोजन समिति के अध्यक्ष राजाराम दुबे, संयोजक सीताराम श्रीवास, सचिव बांके बिहारी दुबे, सहसचिव लक्ष्मी प्रसाद श्रीवास, युवा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष संदीप यादव, नर्मदा प्रसाद रजक मनोज श्रीवास, संतोष श्रीवास प्रज्ञा नारायण पाली, एवं ग्राम वासी तथा गायत्री परिवार के परिजन उपस्थित रहे।



### महाराणा प्रताप स्कूल में खेल स्पर्धा, बच्चों ने दिखाई प्रतिभा



**लोरमी।** ग्राम झाफल के महाराणा प्रताप उमा विद्यालय स्पोर्ट्स फील्ड में विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ, जिसमें 200 मीटर दौड़, रस्ता कस्सी, कबड्डी, लंबी कूद आदि शामिल थे।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नेहरू युवा खेल अधिकारी मुंगेली डॉ दिनेश चंद्र यादव एवं डॉ सीवी रमन विवि के शारीरिक शिक्षा विभाग के डीन डॉ जयशंकर यादव रहे। मुख्य अतिथियों ने विजेता खिलाड़ियों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में लोकेंद्र सिंह राजपूत, राजपूत युवा मोर्चा अध्यक्ष संजय सिंह राजपूत, राजपूत राठौर, केएस राजपूत, स्कूल के प्राचार्य सीएस राजपूत, हेमंत सिंह, शिक्षक मुकेश कुमार राजपूत, टीआर प्रधान, सुधीर सिंह राजपूत, एवं सुरेश कुमार मौजूद रहे।

### सृजन मंडली ग्रुप का निशुल्क रक्तदान शिविर



**पथरिया।** नगर में नवरात्रि पर सृजन मंडली टीचर्स एसोसिएशन द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगर पंचयत अध्यक्ष हुलसी रघु वैष्णव ने रक्तदान को जीवनदान के समान मान कर लोगों को मानव सेवा के इस पुनीत कार्य में हिस्सा लेने की बात कही। नगर पंचायत उपाध्यक्ष मनोज पांडे ने शिक्षकों के इस पुनीत सोच की सराहना की। जिला पंचायत सदस्य अनिला देवेंद्र राजपूत ने भी इस आयोजन की तारीफ की। इस अवसर पर जागेश्वरी वर्मा पूर्व जिला पंचायत सदस्य, जसपाल छाबड़ा पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष, पार्षद दीपक साहू पार्षद, मेलाराम ड़ड़सेना, ओमू दिवान, अजय डड़सेना पार्षद सहित जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। उक्त आयोजन में बीआर ठाकुर एसडीएम एंव थाना प्राभरी रघुवीर चंद्रा द्वारा स्वयं रक्तदान किया गया। इस मौके पर कार्यक्रम संयोजक शिक्षक मोहिंदर सिंह वर्मा विश्वनाथ राजपुत, मनोज सिंगरोल, सदस्य सुरेश हंस, जितेंद्र गेंदले व यसवंत साहू, शिक्षक रुद्र राजपूत, शैलेन्द्र ध्रुव, सालिक ध्रुव, नरेश ध्रुव, तीजराम यादव, बृजमोहन सोनवानी, सुखदेव सिंगरौल, राजकुमार सिंगरौल, केशव पांडे, टीकाराम वर्मा, तामेश्वर वर्मा, संतोष साहू, युगल वर्मा, नवीन साहू, योगानंद साहू, डीसी जोशी व सैकड़ों युवाओं ने अपना सराहनीय योगदान दिया।

### मुस्लिम समाज के लोगों ने एक दूसरे को दी ईद की बधाई



**करगीरोड कोटा।** ईद का चांद नजर आने के बाद नगर साहित आसपास के ग्रामीण इलाकों में रहने वाले मुस्लिम समाज के लोगों ने एक दूसरे को ईद की बधाई दी। ईदगाह में ईदुल फितर की विशेष नमाज के लिए भारी संख्या में पहुंचे मुस्लिम समाज के लोगों को मस्जिदे-ताहा के पेश-ईमाम हाफिज गुलजार-साहब ने ईद की नमाज अदा कराई। ईद की नमाज के बाद छत्तीसगढ़ प्रदेश सहित पूरे मुल्क की खुशहाली अमन चैन आपसी भाईचारे के लिए दुआएं मांगी। मीठी सेवई का इंतजाम मस्जिद कमेटी कोटा के मौजूदा नायब सदर जब्बार खान सहित बाकी पदाधिकारियों द्वारा की गई थी। इस अवसर पर मुस्लिम समाज मस्जिद कमेटी के मौजूदा अध्यक्ष जनाब बशीर बेग उपाध्यक्ष जब्बार खान, मोहम्मद जावेद खान, सचिव अब्दुल गफ्फार खान, कोषाध्यक्ष मोहम्मद फिरोज रजा, सईद खान अमजद खान, मोईद कुरैशी शहिद खान, शेख सिराज अशरफ कुरेशी, रज्जब खान, अमजद कुरैशी, फिरोज खान, अरमान खान, आमिर खान, आकिब खत्री, अदनान खत्री, असलम खत्री, दादा भाई, बग्गू खान, शमीम खान, हासिम अली, अरमान खान, आमिर खान, शरीफ खान, अहमद हसन, शमीम खान, सदरुद्दीन खत्री, शाबिर अली, शमशुल हक, फिरोज खान, आरिफ मिर्जा, रियाज खान, सुब्राती खान, रूबी खान, साहेब आलम मिन्नु खान, अज्जू बागड़ी, हसन खान सहित मुस्लिम समाज के लोग उपस्थित रहे।



धनपुर स्थित माता के मंदिर में प्रज्वलित ज्योति कलश।



माता के दर्शन करने लगी श्रद्धालुओं की भीड़।



मंदिर प्रांगण में लगी श्रद्धालुओं की कतार।

**श्रद्धालुओं ने बोए जवारे, जलवाए मनोकामना ज्योति कलश** | **पेंड्रा रोड रेलवे स्टेशन से 22 किमी दूरी पर स्थित है धनपुर** | **पदयात्रा कर मंदिर तक माता के दर्शन को पहुंचते हैं हजारों श्रद्धालु**

# पुरातत्विक एवं पौराणिक ग्राम धनपुर में चैत्र नवरात्रि की धूम

हरिभूमि न्यूज ⏭ पेंड्रा

जिले के विखं मुख्यालय पेंड्रा से सिवनी के रास्ते पर पुरातात्विक पौराणिक गांव धनपुर स्थित है। यह धनपुर गांव बिलासपुर-कटनी रेल मार्ग के पेंड्रा रोड रेलवे स्टेशन से 22 किलोमीटर दूरी पर स्थित है। विकासखंड मुख्यालय मरवाही से ग्राम धनपुर की दूरी 30 किलोमीटर है। पुरातात्विक महत्त्व के अनुसार ग्राम पांडवों ने रतनपुर में रहने के बाद 1 वर्ष का अज्ञातवास धनपुर के जंगलों में व्यतीत किया था।

इस दौरान उन्होंने लगभग 3 सौ 50 तालाब भी बनवाए, जिनमें से 2 सौ की संख्या में तालाब अभी भी अस्तित्व में है जबकि बाकी तालाबों को किसानों ने खेत बना लिया है। धनपुर मैं खुदाई के दौरान अनेक तरह की मूर्तियां एवं निर्माण के अवशेष मिलते हैं, जो नवीं-दसवीं शताब्दी के मालूम पड़ते हैं। प्राचीन काल में यहां पहाड़ी में स्थित पांडव गुफा में से एक गुप्त मार्ग सोहागपुर को जाता था, जो सोहागपुर एवं रतनपुर से जुड़ा हुआ था। धनपुर में बेनीबाई, शहर खेरवा, भस्मासुर नामक स्थल है। यहां पहाड़ी के नीचे श्री आदिशक्ति मां दुर्गा देवी का प्राचीन मंदिर है जिसका पौराणिक महत्व है। लगभग 20 वर्ष पहले धनपुर में एक तपस्वी युवा संत बाबा मनु गिरी आए तथा वहीं देवी मंदिर के ऊपर पहाड़ी में स्थित गुफा में तप करने लगे। गांव वालों के संपर्क करने पर तपस्वी संत ने धनपुर के देवी स्थान की महत्वता को देखते हुए यहां श्री दुर्गा देवी जी के मंदिर के निर्माण का प्रकल्प प्रस्तावित किया। लगभग 4 हजार वर्ग फीट में बन रहे नवनिर्मित दुर्गा मंदिर के 3 गर्भगृह हैं। इसके तीनों गुंबजों का निर्माण पूर्ण हो चुका है तथा मंदिर के सौंदर्यीकरण का कार्य बाकी है। श्री आदिशक्ति मां दुर्गा देवी मंदिर पब्लिक ट्रस्ट धनपुर विकासखंड मरवाही के नाम से प्रचलित धनपुर का यह देवी स्थान मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ के श्रद्धालुओं के लिए आस्था का केंद्र है। वर्षभर यहां श्रद्धालुओं का आना जाना लगा रहता है तथा यहां प्रतिवर्ष चैत्र नवरात्रि तथा क्वार नवरात्रि का धूमधाम से आयोजन किया जाता है। वर्तमान में श्री आदिशक्ति मां दुर्गा देवी मंदिर पब्लिक ट्रस्ट धनपुर मे श्रद्धालुओं द्वारा 258 जवारा कलश की स्थापना, 219 तेल ज्योति कलश, तथा 29 घृत ज्योति कलश प्रज्वलित कराए गए हैं। ग्राम धनपुर में स्थित श्री आदिशक्ति मां दुर्गा देवी मंदिर की बढ़ती कीर्ति को देखते हुए यहां कमिश्नर रहे आईएएस सोनमणि बोरा ने अपने मार्गदर्शन में कलेक्टर की अध्यक्षता में ट्रस्ट का गठन कराया है जो वर्तमान नवगठित जिला गौरेला पेंड्रा मरवाही का पहला पब्लिक ट्रस्ट है।





### पेंड्रा से धनपुर तक कन्याओं ने की पदयात्रा

चैत्र नवरात्रि महोत्सव के दूसरे दिन 31 मार्च को स्वामी कृष्ण प्रपन्नाचार्य कामता महाराज के नेतृत्व में पेंड्रा के विद्यानगर दुर्गा मंदिर जगतगुरु आश्रम से श्रद्धालुओं जिसमें बड़ी संख्या में कन्याएं एवं महिलाएं शामिल थीं। इनके द्वारा एक पदयात्रा का आयोजन किया गया जो 14 किलोमीटर पैदल चलकर देर शाम श्री आदि शक्ति मां दुर्गा देवी मंदिर धनपुर पहुंची। यहां धनपुर में ट्रस्ट एवं ग्रामीणों की ओर से सभी पद यात्रियों का स्वागत किया गया उनके लिए जलपान प्रसाद इत्यादि की व्यवस्था की गई।

### एसडीएम ने लिया तैयारी का जायजा

धनपुर में नवरात्रि महोत्सव धूमधाम एवं विधिवत मनाने के लिए मरवाही के एसडीएम प्रफुल्ल रजक ने ट्रस्ट के सभी पदाधिकारी एवं ग्रामीणों की बैठक ली जिसमें अनुविभागीय अधिकारी पुलिस निकिता तिवारी थाना प्रभारी पेंड्रा गंगा प्रसाद बंजारे सहित ट्रस्ट के पदाधिकारी उपस्थित थे।

### लंदन, मुंबई एवं दिल्ली के श्रद्धालुओं ने जलवाई ज्योत

**155 ज्योति कलस प्रज्वलित श्रद्धालुओ की उमड़ी भीड़**



**मोपका।** जय मां अम्बे धाम चकरभाटा में 2 भक्ति की बयार हैं एवं यहां धूमधाम से नवरात्र का पर्व मनाया जा रहा है। इस धाम में कुल 130 तेल तथा 25 घृत के ज्योति कलश प्रज्जवलित किए गए हैं। दूर-दराज से भी लोगों ने यहां अपने नाम की ज्योत जलवाई है। पुजारी पं नारद प्रसाद तिवारी ने बनाया कि विगत कई वर्षों से हुए मंदिर में नवरात्र ज्योति प्रज्जविलत हो रही है। यहां पर लंदन, दिल्ली, मुंबई, रायपुर के भक्तों ने मनोकामना ज्योत जलवाई है। नवरात्र में यहां सुबह शाम भक्तों की भीड़ दिख रही है।

## मंदिरों में 3900 से अधिक ज्योति कलश प्रज्जवलित



**मुंगेली।** चैत्र नवरात्रि पर नगर सहित अंचल के प्रमुख देवी मंदिरों व ग्रामीण अंचलों में आठ दिनों तक चलने वाले पर्व पर क्षेत्र का माहौल भक्तिमय बना हुआ है। जिले के मंदिरों में 3900 से अधिक मनोकामना ज्योति कलश प्रज्जवलित किए गए है।

इस वर्ष जिले के मंदिरों में 3900 से अधिक मनोकामना ज्योति कलश प्रज्जवलित किए गए है। नगर के मध्य स्थित मां महामाया मंदिर में 531 ज्योति कलश, खर्रीपारा काली माई वार्ड में विराजमान मॉ काली मंदिर में फूलवारी 58 ज्योति कलश, अखण्ड ज्योति कलश 193 कलश प्रज्जवलित है। मॉ अगारमोती मंदिर में 30 ज्योति कलश, शक्तिमाई मंदिर में 884 ज्योति, हथनीकला मंदिर में 173 ज्योति कलश घी व 1034 ज्योति कलश, गीधा स्थित मॉ काली मंदिर में 262 ज्योति कलश, दाऊपारा स्थित बड़े महामाया मंदिर में 351 ज्योति कलश, मल्लाह पारा स्थित महामाया मंदिर में 78 और सेतगंगा में विराजमान महामाया मंदिर में 15 घी एवं 373 ज्योति कलश प्रज्जवलित किए गए है।

## कलश को सिर पर धारण करने से सौभाग्य में होती है वृद्धि



**सीपत।** गायत्री तीर्थ शांतिकुंज हरिद्वार के निर्देशन व गायत्री प्रज्ञापीठ खम्हरिया के मार्गदर्शन में 1 से 4 अप्रैल तक ग्राम पंचायत भवन सीपत के पास 9 कुंडीय राष्ट्र जागरण अभियान गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया है। मंगलवार को विशाल कलश यात्रा के साथ महायज्ञ की शुरुआत हुई।

विधि विधान से मंत्रोच्चारण के साथ कलश की स्थापना की गई। पहले दिन अतिथि के रूप में उपजोन समन्वयक धनसाय बैगा, टोली नायक बसंत कुमार, एसपी चौहान, सुरेंद्र चंदेल, राजेश देवांगन, रोमा दीदी, योगेश्वरी दीदी, चंद्रभान, रामरतन साहू, भूलउराम साहू, मनोज कुमार साहू सहित अन्य अतिथियों का मंच पर स्वागत किया गया। गायत्री परिवार की ओर से रोमा दीदी ने श्रद्धालुओं को कलश के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि कलश को सिर पर धारण करने से सौभाग्य में वृद्धि होती है। कलश में 33 कोटि देवी देवता वास करते हैं। आयोजन को सफल बनाने में गायत्री परिवार सीपत के सभी सदस्य सहित ग्रामवासियों का विशेष योगदान है।

### अष्टभुजी मंदिर में 1201 ज्योति कलश प्रज्वलित

*__धरमपुरा।__ समूचे क्षेत्र में शक्ति की आराधना का पर्व चैत्र नवरात्र बहुत ही श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ मनाया जा रहा है। ज्योति कलश प्रज्वलित कर एवं जवारा बो कर महामाया मंदिरों में शक्ति की आराधना की जा रही है। क्षेत्र के प्रसिद्ध मां अष्टभुजी दुर्गा मंदिर हथनीकला में चैत्र नवरात्रि में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी श्रद्धालुओं के द्वारा 12 सौ 1 मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित कराए गए हैं। इसमें घी के 173 तथा तेल के 1 हजार 28 ज्योति कलश हैं। यहां पर दोनों नवरात्र पर्व पर श्रद्धालुओं के द्वारा ज्योति कलश प्रज्वलित कराए जाते हैं। मंदिर समिति के सचिव ओमप्रकाश सिंह ठाकुर ने बताया कि नवरात्रि के पहले दिन से ही भक्तों का मंदिर में तांता लगा रहा। मंगलवार को द्वितीया तिथि में मां ब्रह्मचारिणी स्वरूप की पूजा की गई।*



### कठिन रास्ता पार कर पहुंच रहे भक्त

*__लोरमी।__ ग्राम खुड़िया के बिजराकापा रोड स्थित पहाड़ पर खुड़यि माता का मदिर है। दुर्लभ स्थान होने के बाद भी पथरीले ऊबड़-खाबड़ रास्तों से होकर श्रद्धालु दर्शन करने मंदिर पहुंच रहे हैं एवं मनोकामनाएं पूर्ण करने खुड़यि माता के दर्शन कर रहे हैं। इस वर्ष भी नवरात्रि में मुख्य पुजारी धर्मेंद्र परस्ते की धर्मपत्नी आरती परस्ते नौ दिनों तक अपने पेट के ऊपर मनोकामना ज्योति कलश रखकर भक्ति में लीन हैं। बीहड़ में विराजमान माता के दर्शन करने भक्तों की भारी भीड़ उमड़ रही है। यदि बात करें मंदिर के रास्ते की तो मंदिर तक पहुंचना किसी चुनौती से कम नहीं है। कठिन परिश्रम कर गाँव के भक्तों एवं युवा टीम ने सीढ़ी बनाने एवं मंदिर विकास का बीड़ा उठाया है। यहां लगभग 12 सौ सीढ़ियों का निर्माण होना है। दानदाता एवं श्रद्धालुओ की ओर से यहां 94 सीढ़ियों का निर्माण कराया जा चुका है।*



### मौहाभाठा दुर्गा मंदिर में ज्योति कलश प्रज्वलित

*__तखतपुर।__ ग्राम मौहाभाठा के दुर्गा मंदिर में चैत्र नवरात्रि के शुभ अवसर पर 21 मनोकामना ज्योति प्रज्वलित कराए गए हैं एवं विधि विधान के साथ घट स्थापना की कगई है। आचार्य पंडित नीरज पाण्डेय, मुख्य यजमान डॉ तुलसी राम साहू श्रीमती गलेशरी साहू, पंडा देवदत साहू, सुरेश कुमार साहू, संतोष साहू, खेलावन साहू, अनुजराम साहू, धर्मेन्द्र पटेल, राजकुमार यादव सुनील साहू, कमलेश साहू, समेलाल साहू, वासुदेव पटेल, पिल्लूराम साहू, तोखन साहू ढेलऊराम पटेल, सुखीराम साहू, सालिक राम साहू सरोज पटेल रीती साहू, भुनेश्वर साहू, अशोक साहू, एवं समस्त ग्रामवासियों का सहयोग मिल रहा है। साथ ही जगराता एवं भजन आदि कार्यक्रमों के लिए आस-पास की जसगीत मंडलियों को आमंत्रित किया गया है। उक्त जानकारी पिल्लूराम साहू ने दी।*



**भू जलस्तर कम होने से सूख रहे नलकूप**

# मनियारी एनीकट में पानी नहीं होने से हो रही निस्तारी की समस्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर

मनियारी एनीकट में पानी नहीं आने के कारण नगर में निस्तारी की समस्या तो उत्पन्न हो ही गई है इसके बाद ही जल स्तर कम होने के कारण नगर के नलकूप के कंठ भी सूखते जा रहे हैं। पानी रसातल में पहुंच गया है एवं नगरवासीयों को निस्तारी की भारी समस्या हो रही है।

नगर की जीवन दायिनी नदी पिछले एक माह से सूखी हुई है, मनियारी नदी में पानी नहीं होने के कारण आम लोगों में निस्तारी की समस्या तो खड़ी हुई ही है साथ में नदी सूख जाने के कारण मवेशियों को पानी पीने की भारी समस्या हो रही है। साथ ही नदी में स्नान एवं नित्य कर्म करने वाले लोगों को भी नदी में पानी सूख जाने के कारण परेशानी हो रही है।



पानी नहीं होने से सूख गया है मनियारी एनीकट।

**छोड़ा गया है पानी**

खुड़िया जलाशय से पानी छोड़ दिया गया है, एक सप्ताह के भीतर तखतपुर एनीकट में पानी पहुंच जाएगा।

**-मनीष राठौर,** एसडीओ सिंचाई विभाग

### नलकूप सूखे

मनियारी नदी पिछले एक महिने से सूख गई है। एनीकट में पानी न होने के कारण नगर के नलकूपों के कंठ सूख गए हैं। लगातार जल स्तर गिरता जा रहा है पिछले एक महीने में पानी रसातल में चला गया है। हर दो चार दिनों में जल स्तर कम हो जाने के कारण पाइप डालकर पानी की आपूर्ति की जा रही है। कुछ दिनों बाद जल स्तर कम हो जाने के कारण लोग परेशान हो रहे है।

### धार्मिक कार्य प्रभावित

मनियारी नदी सूख जाने के कारण धार्मिक कार्य भी प्रभावित हो रहे हैं। किसी भी धार्मिक अनुष्ठान शोभायात्रा के बाद विसर्जन के लिए मनियारी नदी एनीकट में लोग पहुंचते है। कुछ दिन पूर्व चेट्रीचंड्र महोत्सव नगर में मनाया गया। शोभायात्रा मनियारी नदी तक पहुंचने के बाद वापस विसर्जन के लिए परमेश्वरी तालाब जाना पड़ा।

## जपं अध्यक्ष ने गरीब परिवार को सौंपी खुशियों की चाबी



**बोदरी।** मोदी की गारंटी प्रधानमंत्री आवास योजना का प्रदेश में तेजी से क्रियान्वन किया जा रहा है। इसी कड़ी में मंगलावीर को ग्राम बरतोरी में बिल्हा जपं अध्यक्ष डॉ रामकुमार कौशिक के द्वारा पीएम आवास योजना के अंतर्गत हितग्राही को नवरात्र के तीसरे दिन गृह प्रवेश कराया गया। इस अवसर पर सरपंच मनहरण नेताम, उपसरपंच मोहित यादव, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि दीपक यादव, बिल्हा भाजपा के मिडिया प्रभारी नरेश जायसवाल, लोकेंद्र यादव, रामचन्द्र जायसवाल, सुनील वर्मा, दुर्गेश कौशिक, हरप्रसाद भारद्वाज, लोमश कौशिक, कीर्ति कश्यप, हेमंत वैष्णव, अजय कौशिक, दुर्गेश जायसवाल, जान कुमार, कार्तिक जायसवाल, रेवा राम निर्मलकर, दिलेश चतुर्वेदी, विद्याचरण डहरिया, जगन्नाथ यादव एवं भाजपा के प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित रहे ।

1- April --REGNOL-pg- 5 -COMMAN_Layout 1 4/1/2025 11:16 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### गांवों में दी जा रही योजनाओं की जानकारी

**मुंगेली।** श्रम विभाग द्वारा निर्माणी एवं असंगठित श्रमिकों के पंजीयन व कार्ड के नवीनीकरण और विभागीय योजनाओं की जानकारी प्रदान करने हेतु जिले के विभिन्न ग्रामों में शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिला श्रम पदाधिकारी ने बताया कि 03 व 04 अप्रैल को मुंगेली विकासखण्ड के ग्राम बरदुली तथा पथरिया विकासखण्ड के ग्राम रोहराकला, 07 व 08 अप्रैल को लोरमी विकासखण्ड के ग्राम मोहतरा तेली तथा मुंगेली विकासखण्ड के ग्राम चिरहुला, 16 व 17 अप्रैल को विकासखण्ड पथरिया के ग्राम भठलीकला तथा लोरमी विकासखण्ड के ग्राम नथेलापारा, 22 व 23 अप्रैल को मुंगेली विकासखण्ड के ग्राम बुंदेली तथा विकासखण्ड पथरिया के ग्राम बैजना और 29 व 30 अप्रैल को लोरमी विकासखण्ड के ग्राम घानाघाट तथा मुंगेली विकासखण्ड के ग्राम पालचुवा में शिविर का आयोजन किया जाएगा।

### प्रवेश परीक्षा की आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ

**मुंगेली।** राज्य के विभिन्न पॉलिटेक्निक संस्थानों में प्रवेश के लिए प्री पॉलिटेक्निक टेस्ट प्रवेश परीक्षा की आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। जिसकी अंतिम तिथि 11 अप्रैल है। इच्छुक अभ्यर्थी शासकीय पॉलिटेक्निक मुंगेली में आकर निःशुल्क परीक्षा फॉर्म भर सकते हैं। यह सुविधा सभी छात्र-छात्राओं के लिए निःशुल्क उपलब्ध कराई जा रही है। अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थी सी.जी. व्यापम की अधिकारिक वेबसाइट या शासकीय पॉलिटेक्निक, मुंगेली से संपर्क कर सकते हैं।

### चितावर में अखण्ड नवधा रामायण शुरू

**तखतपुर।** ग्राम चितावर में अखण्ड नवधा रामायण का आयोजन 1 से 10 अप्रैल तक आयोजित किया गया है, जिसमें यजमान पार्वती बालाराम सिंगरौल, आचार्य भरत लाल पाण्डेय, कमलनारायण रहेंगे। कार्यक्रम की तैयारी में गोकुल सिंगरौल, सरपंच इंद्राणी देवा सिंगरौल, तुलेश्वर सिंगरौल, चिंताराम संगरौल, राजकुार, लक्ष्मी बिरको, सीताराम बिर्को, परमेश्चवरी रज्जू यादव, पारसनाथ सिंगरौल, रमेश सिंगरौल, राधेश्याम सिंगरौल सहित अन्य जुटे हुए हैं।

## निधन

### सीपी सिंह



**बिलासपुर।** सीपत रोड सरकंडा निवासी सीपी सिंह का मंगलवार को निधन हो गया। जिनका अंतिम संस्कार बुधवार 2 अप्रैल को सरकंडा स्थित मुक्तिधाम में सुबह 9 बजे किया जाएगा।

### निर्मला मुदलियार



**बिलासपुर।** कुदुदण्ड स्थित भाग्यश्री अपार्टमेंट निवासी श्रीमती निर्मला मुदलियार पति स्व. गोपालस्वामी मुदलियार का मंगलवार को निधन हो गया। जिनका अंतिम संस्कार बुधवार 2 अप्रैल को सुबह 11 बजे देवकीनंदन दीक्षित मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे ओमप्रकाश मुदलियार (राजू) व हेमंत मुदलियार (बबलू) की मां थीं।

### अनसुईया जायसवाल



**जरहागांव।** सेमरचुआ निवासी अनसुईया का 52 वर्ष की आयु में निधन हो गया। इनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे नारायण जायसवाल की पत्नी तथा देवेंद्र जायसवाल की मां थीं।

## यातायात विभाग नहीं ले रहा सुध, वाहन चालक बेलगाम

# बरेला बाईपास सड़क से उखड़ा डामर जाने से डर रहे भारी वाहन चालक

**भारी वाहनों के कारण लोग हो रहे दुर्घटना के शिकार**

हरिभूमि न्यूज ⏭ जरहागांव

बरेला बिजली ऑफिस से भथरी-बेलसरी होते हुए तखतपुर मुख्य मार्ग तक जाने वाला बाईपास मार्ग जगह-जगह से जर्जर हो चुका है। कई जगहों पर सड़क से डामर का लेयर उखड़ चुका है, इसलिए इस मार्ग पर भारी वाहन चालक जाने से कतराते हैं। भारी वाहनों के लिए बाईपास सड़क की जगह पर एनएच का इस्तेमाल किया जाता है। जिसके कारण आए दिन राहगीरों के दुर्घटना के शिकार होने की संभावना बनी रहती है।

बरेला बिजली ऑफिस से बाईपास रोड शुरू होकर भथरी होते हुए बेलसरी से तखतपुर मेन रोड पर निकलता है। जिसकी दूरी लगभग 7 किलामीटर है। टू लेन रोड है, लेकिन उस पर कहीं कोई मार्किंग नहीं है। इस सड़क पर कई जगहों से डामर का लेयर उखड़ चुका है, इसलिए भारी वाहन चालक गाड़ी सड़क पर फंस न जाए इसलिए इस मार्ग पर जाने से डरते हैं। इस सड़क से कोई वाहन नहीं गुजरता है जिनके कारण सड़क सूनसान रहती है। यदि बाईपास से भारी वाहनों को प्रवेश दिया जाए तो काफी हद तक मुख्य सड़क पर जाम की समस्या से निजात मिल जाएगी। सड़क की स्थिति ऐसी है कि कहीं कहीं डामर उखड़ा हुआ है। गड्ढों को गिट्टी से भरा गया है। चाहें तो वाहन चालक वहां से वाहन निकाल सकते हैं पर इस पर यातायात विभाग के अधिकारी संज्ञान में लेकर काम नहीं कर रहे हैं जिनका फायदा उठाते हुए भारी वाहन चालकों कम दूरी तय करने के चक्कर में वाहन तखतपुर शहर के बीच से निकालते हैं। नतीजन जाम, दुर्घटना की स्थिति बनती रहती है।

यदि यातायात व्यवस्थित की जाए तो इसके लिए बरेला और तखतपुर की व्यवस्था को संयुक्त रूप से सुधारने की आवश्यकता है। मुंगेली यातायात विभाग तथा बिलासपुर यातायात विभाग को इस गंभीर समस्या को संज्ञान में लेकर यातायात सुव्यवस्था बनाए रखने के लिए एक अभियान के तहत कार्य करना होगा जिसने भारी वाहन पुल से पार कर दोनों तरफ से नगर में प्रवेश न करे। नगर वासियों द्वारा पुल का चौड़ीकरण तथा भारी वाहन नगर में प्रवेश निषेध करने की मांग की जा रही है।



बरेला बाईपास मार्ग से उखड़ा डामर।

### अति संवेदनशील दुर्घटना स्थल का बोर्ड

जरहागांव पुलिस की ओर से विद्युत कार्यालय बाईपास के पास अति संवेदनशील दुर्घटनास्थल का बोर्ड लगाया गया है ताकि राहगीर सावधान हो जाएं, लेकिन यातायात विभाग द्वारा बाईपास का कोई बोर्ड नहीं लगाया है न बाईपास सड़क का उपयोग किया जाता है। यह लापरवाही की ओर इंगित कर रहा है।

### उच्चाधिकारियों से करेंगे चर्चा

बरेला बिजली ऑफिस के सामने से बाईपास है। अब तक यहां भारी वाहनों को प्रवेश दिलाने हेतु कोई अभियान नहीं चलाया गया है। इस विषय पर उच्च अधिकारियों से चर्चा की जाएगी। जैसा आदेश प्राप्त होगा कार्रवाई की जाएगी। तखतपुर-मुंगेली यातायात विभाग समन्वय बनाकर कार्य करें तो यातायात में सुधार लाया जा सकता है। अब तक भारी वाहन चालक सड़क खराब होने का हवाला देकर बाईपास से नहीं के जाते हैं, पर अब इस समस्या पर संज्ञान लेकर कार्रवाई की जाएगी।

**-यशवंत राजपूत**, यातयात प्रभारी, मुंगेली

# गोंदइया एनीकट निर्माण को मिली मंजूरी, सुशांत ने की थी मांग

**बिलासपुर।** बेलतरा विधानसभा क्षेत्र में गोन्दइया एनीकट को राज्य शासन से प्रशासकीय मंजूरी मिल गई। क्षेत्रीय विधायक सुशांत शुक्ला की मांग पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने क्षेत्रवासियों को यह सौगात दी है। 12 करोड़ 1 लाख 94 हजार की लागत से इस एनीकट के निर्माण से 80 हेक्टेयर खरीफ फसल एवं 55 हेक्टेयर रबी फसल का सोलर पंप के माध्यम से सिंचाई की जाएगी इसके अलावा भू-जल संवर्धन, निस्तारी और आवागमन की भी सुविधा लोगों को मिलेगी। 2023-24 के बजट में गोंदइया एनीकट को शामिल किया गया था पर प्रशासकीय स्वीकृति नहीं मिली थी।



विधायक सुशांत शुक्ला ने नए साल के जनवरी माह में वित्त मंत्री ओपी चौधरी को पत्र लिखकर प्रशासकीय स्वीकृति देने का अनुरोध किया था। प्रशासकीय स्वीकृति मिलने के पश्चात विधायक सुशांत शुक्ला ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के साथ जल संसाधन मंत्री केदार कश्यप और वित्त मंत्री ओपी चौधरी का आभार व्यक्त किया है। विधायक सुशांत शुक्ला ने वित्त मंत्री को प्रशासकीय स्वीकृति के लिए लिखें पत्र में कहा था की विधानसभा क्षेत्र बेलतरा अन्तर्गत वर्ष 2023-24 में गोंदईया एनीकट निर्माण कार्य योजना बजट में शामिल किया गया है। उक्त योजना से 80 हेक्टेयर खरीफ फसल एवं 55 हेक्टेयर रबी फसल का सोलर पंप के माध्यम से सिंचाई प्रस्तावित है। एनीकट के निर्माण से क्षेत्र के किसानों को सिंचाई सुविधा का लाभ मिलने के साथ-साथ आस-पास के क्षेत्रों का भू-जल स्तर बढ़ेगा। साथ ही अरपा नदी में जल प्रवाह साल भर बनाये रखने में मदद मिलेगी।

### अल्प अवधि में क्षेत्र को मिली बड़ी सौगातें

विधानसभा बेलतरा में विकास कार्य द्रुत गति से प्रवाहित हो रही है क्षेत्र के ऐसे कई जनहित से जुड़े मुद्दे हैं जिन्हें अल्प अवधि में ही धरातल पर उतारने के लिए विधायक सुशांत शुक्ला सफल हुए गोंदइया एनिकट को इसके त्वरित उदाहरण के रूप में लिया जा सकता है विधायक द्वारा वित्त मंत्री को लिखे पत्र के 90 दिवस के भीतर ही एनिकट निर्माण कार्य को स्वीकृति मिल गई इसी तरह ग्राम पंचायत नगोई में उपतहसील की घोषणा व चांटीडीह में अन्नपूर्णा दाल भात केंद्र खोले जाने जैसे जनहित से जुड़े त्वरित कार्य शामिल हैं।

# शासन के आदेश की उड़ाई जा रही धज्जियां, सुबह नहीं लग रहे स्कूल

**तखतपुर।** शासन के आदेश की पहले ही दिन शिक्षा विभाग ने धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। विभाग ने आदेश दिया था कि 1 अप्रैल से गर्मी को देखते हुए स्कूल सुबह की पाली में लगाए ताकि झुलसा देने वाली गर्मी से बच्चों को बचाया जा सके पर शिक्षा विभाग ने इस आदेश को आज पहले दिन कितना माना जब हरिभूमि की टीम स्कूलों में पहुंचीं तो स्कूल में ताला लगा हुआ था।

राज्य सरकार द्वारा 31 मार्च को प्रदेश के सभी स्कूलों में झुलसा देने वाली बढ़ती हुई गर्मी को देखते हुए समय परिवर्तन का आदेश जारी किया था ताकि बच्चों को गर्मी से बचाया जा सके और किसी भी बच्चों को स्कूल आने पर लू न लगे। इसके चलते एक अप्रैल से प्राथमिक और मिडिल स्कूल को सुबह 7 बजे से लगाने का आदेश दिया था और ऐसे स्कूल जहां प्राथमिक शाला और मिडिल स्कूल एक साथ लगते है उन स्कूलों में सुबह 7 बजे 11 बजे तक प्राथमिक शाला और मिडिल स्कूल एवं 11 से 3 बजे तक हायर सेकेंडरी स्कूल लगाने के आदेश दिए थे। लेकिन इस आदेश का पालन शिक्षण संस्थाओं में कितना हुआ इसका जांच करने जब हरिभूमि की टीम नगर के टिकरीपारा प्राथमिक शाला और मिडिल स्कूल पहुंची तो 7.30 बजे तक स्कूल में ताला लगा हुआ था।





### शिक्षकों की लगी ड्यूटी

कक्षा पांचवीं और आठवीं की परीक्षाएं होने के कारण शासन के आदेश के आधार पर स्कूल नहीं खोला जा सका है। कुछ शिक्षकों की मूल्यांकन के लिए ड्यूटी लगी है। परीक्षांए संपन्न होने के बाद कक्षाएं समय पर लगा दी जाएंगी।

**- कामेश्वर बैरागी,** बीईओ तखतपुर

### जिला अस्पताल में मेगा शिविर 9 को

**मुंगेली।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत जिला चिकित्सालय में 9 अप्रैल को विशाल मेगा शिविर का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर राहुल देव ने शिविर के सफल आयोजन के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए हैं। साथ ही उन्होंने आमलोगों को शिविर में पहुंचकर निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधा का लाभ उठाने की अपील की है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रभात चंद्र प्रभाकर ने बताया कि शिविर में जिला चिकित्सालय और श्रीबालाजी हास्पिटल रायपुर के चिकित्सक आमलोगों के ईलाज के लिए मौजूद रहेंगे। इनमें एम.डी. मेडिसिन, हड्डी रोग, स्त्रीरोग, शिशुरोग, मानसिक रोग, दंतरोग, नेत्ररोग, कार्डियोलॉजी विद इको प्रोसीजर, पीडियाट्रिक आर्थोपेडिकस और डर्मेटोलॉजी से आदि के विशेषज्ञ चिकित्सक उपस्थित रहेंगे।

## कलेक्टर ने ली तैयारी बैठक, दिए दिशा निर्देश

# राज्यपाल कल लेंगे अधिकारियों की बैठक

**मुंगेली।** जिले में 03 अप्रैल को राज्यपाल रमेन डेका का दौरा प्रस्तावित है। इसे लेकर जिले में विभिन्न स्तर पर तैयारी चल रही हैं। कलेक्टर राहुल देव ने आज जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में प्रस्तावित दौरे की तैयारी को लेकर समीक्षा की और कार्यक्रम के आयोजन के लिए अधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी।

राज्यपाल रमेन डेका 3 अप्रैल को दोपहर 3 बजे जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में अधिकारियों की बैठक लेंगे। श्री डेका जिले में जल संचयन, पौधारोपण एवं पर्यावरण संवर्धन, जैविक कृषि को प्रोत्साहन, टीबी उन्मूलन, जनजातीय क्षेत्रों में शिक्षा एवं स्वास्थ्य सुविधाओं का विकास, रेड क्रॉस सोसाइटी की गतिविधियां सहित शिक्षा, स्वास्थ्य एवं अन्य विकासात्मक गतिविधियों के बारे में चर्चा करेंगे। इसके साथ ही वे जिला चिकित्सालय, आनंदाश्रम और बालगृह का निरीक्षण करेंगे। कलेक्टर श्री देव ने कहा कि इन सभी बिंदुओं पर संबंधित अधिकारियों द्वारा आवश्यक तैयारी सुनिश्चित किया जाएं। उन्होंने बैठक व्यवस्था, विद्युत, वाहन पार्किंग आदि अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी लेते हुए सभी तैयारियां पूरी करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल ने सुरक्षा व्यवस्था के सबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पाण्डेय, अपर कलेक्टर श्रीमती निष्ठा पाण्डेय तिवारी, तीनों अनुविभागों के एसडीएम और संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।



राज्यपाल के प्रस्तावित दौरे को लेकर बैठक।

# सशिमं में मनाई गई फूलचंद की जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय विवेक विहार परिसर पेंडाराकापा में पूर्व विधायक स्वर्गीय फूलचंद जैन की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर अतिथियों ने उनके दिखाए रास्ते पर चलने की बात कही।

कार्यक्रम की अध्यक्षता भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी, मुख्य अतिथि ज्योतिषाचार्य, उपाध्यक्ष विवेकानंद बाल कल्याण समिति मुंगेली पं. दीनानाथ उपाध्याय तथा अध्यक्ष विवेकानंद बाल कल्याण समिति मुंगेली प्रकाश लोढ़ा थे। इनकी उपस्थिति में विद्यालय के समस्त भैया, बहिनों एवं आचार्य परिवार ने मिलकर मनाया। कार्यक्रम के अध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी ने बाबूजी को याद करते हुए उनके द्वारा किए गए वनवासी क्षेत्रों के कार्य एवं उनकी समयबद्धता तथा निस्वार्थ सेवा को उदाहरण के माध्यम से प्रकट किया एवं उनके मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दीनानाथ उपाध्याय ने उनके परिश्रम एवं उनके द्वारा चल रहे प्रकल्पों की विस्तृत जानकारी दी और उनके द्वारा देखे गए स्वप्न को पूर्ण करने की जिम्मेदारी हम सबकी है ऐसा विचार प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के अंत में प्रकाश लोढ़ा ने बाबूजी के द्वारा शुरू किए गए सभी कार्यो को पूर्ण करने का आश्वासन दिया एवं उपस्थित अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के प्रधानाचार्य नरेन्द्र श्रीवास्तव ने किया।



कार्यक्रम में मंचस्थ अतिथि।

**शिक्षा स्वास्थ्य और रोजगार पर काम करने का संकल्प पारित**

# महिला कुर्मी समाज नगर इकाई की बैठक एवं सम्मान समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर

आज तखतपुर महिला कुर्मी समाज नगर इकाई की बैठक एवं सम्मान समारोह का आयोजन नगर अध्यक्ष रमा कश्यप के निवास निगारबंद रोड में किया गया। बैठक में नगर इकाई का विस्तार किया गया तथा समाज में महिलाओं के प्रति व्याप्त कुरीतियों एवं रूढ़िवादी परंपराओं को समाप्त करने हेतु जनजागरण अभियान चलाने एवं इसके लिए महिलाओं को स्वयं ही आगे आने हेतु आव्हान किया गया। साथ ही संगठन का अन्य गांवों तक विस्तार करने व शिक्षा स्वास्थ्य और रोजगार व्यवसाय पर काम करने का संकल्प पारित किया गया।

इस अवसर पर सम्मान समारोह में जिला पंचायत उपाध्यक्ष ललिता संतोष कश्यप, जनपद सदस्य रंजना तुलसी कौशिक छतौना, सरपंच राधिका राकेश कौशिक छतौना सहित महिला कुर्मी समाज के पदाधिकारियों एवं समाज सेविकाओं को शाल एवं महापुरुषों की प्रतिमा भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को मुख्य रूप से ललिता संतोष कश्यप, श्याम मूरत कौशिक, बीआर सिंगरौल, प्रीति पाटनवार, रमा कश्यप,पदुम पाटनवार, लक्ष्मी कांत कौशिक, ज्योति सिंगरौल, गायत्री कौशिक, शशि कश्यप, आराधना कश्यप, हेमंत कश्यप, तुलसी कौशिक, जयप्रकाश कौशिक, विकास कौशिक, अश्लेखा कश्यप, डा वर्षा कौशिक, राधिका राकेश कौशिक सरपंच ने संबोधित किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से दिनेश कौशिक, रूपेश कश्यप, प्रियंका कश्यप, प्रतिभा कश्यप, शकुन कौशिक, कालिंदी कश्यप, शीतला बाई, संगीता कश्यप, सरोज कश्यप, चंचल कश्यप, कोमल कश्यप, सुशीला कश्यप, बसंती कौशिक,निखिल कश्यप प्रियंका कश्यप उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन महिला नगर इकाई तखतपुर अध्यक्ष रमा कश्यप एवं आभार प्रदर्शन प्रियंका कश्यप ने किया।





कार्यक्रम में उपस्थित समाज की महिलाएं।

# शत-प्रतिशत रहा नेहा पब्लिक स्कूल का परीक्षा परिणाम

**लोरमी।** नगर की नेहा पब्लिक स्कूल छीतापार में कक्षा नर्सरी से आठवीं और नवमी से ग्यारहवीं तक के परीक्षा परिणाम सामने आए, जिसमें शत प्रतिशत बच्चे उत्तीर्ण हुए। विद्यालय के संचालक सुनील लहरे ने परीक्षा परिणाम जारी कर प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को प्रोत्साहित किया। अंग्रेजी माध्यम कक्षा केजी वन में प्रथम अमिताभ 93.78 प्रतिशत, द्वितीय जिया 92 प्रतिशत एवं तृतीय अश्विन कुमार 90 प्रतिशत रहे। केजी टू में प्रथम गजेंद्र 90.78 प्रतिशत, पहली कक्षा में प्रथम संध्या साहू 91.89 प्रतिशत, दूसरी में प्रथम ऋषि साहू 92.11 प्रतिशत, तीसरी में प्रथम चंद्रेश कुमार 92.11 प्रतिशत, चौथी में प्रथम लवण्या 94.11 प्रतिशत, छठवीं में प्रथम हिमांशु 89.67 प्रतिशत, सातवीं में प्रथम इशांत ने 95.28 प्रतिशत अंक अर्जित किए। इसी प्रकार हिन्दी माध्यम केजी वन में प्रथम जीविका मानिकपुरी 92.56 प्रतिशत, पहली में प्रथम राकेश 94.33 प्रतिशत, दूसरी में प्रथम सिमरन 93.44 प्रतिशत, तीसरी में प्रथम परमानन्द साहू 94.89 प्रतिशत, चौथी में प्रथम माही 94.22 प्रतिशत, पांचवी में प्रथम दुर्गेश्वरी 94.89 प्रतिशत, छठवीं में प्रथम साहिल 90.44 प्रतिशत, सातवीं में प्रथम दीपांजली 88.63 प्रतिशत, आठवीं में प्रथम देवचंद 92.83 प्रतिशत , नवमीं में प्रथम गीतांजली पटेल 93.72 प्रतिशत, एवं ग्यारहवीं में प्रथम विज्ञान संकाय हनी पटेल 90.56, ग्यारहवीं कला संकाय में प्रथम नम्रता 90 प्रतिशत एवं ग्यारहवीं कृषि में प्रथम देवमती ने 86.56 प्रतिशत अंक अर्जित किए। परीक्षा परिणाम आने पर विद्यालय के बच्चे बहुत खुश नजर आए। इस अवसर पर विद्यालय के स्टॉफ और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहें।

**न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर जिला बिलासपुर**
**मामले की श्रेणी : राजस्व**
संदर्भ :- जिला बिलासपुर तहसील-बिलासपुर प.ह.न.-00030 बिजौर ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक-MD202425400107700014
**ईश्तहार**
तहसील बिलासपुर के प.ह.न. 00030 के अंतर्गत ग्राम बिजौर के वर्तमान भूमिस्वामी राम बाई पिता/पति-छेदीलाल पता-सा. देह भगवंतिन बेवा पिता/पति-छेदीलाल पता-सा. देह, ईश्वर लाल पिता/पति-छेदीलाल पता-सा. देह, रामकुमार पिता/पति-छेदीलाल पता-सा. देह, रामअवतार पिता/पति-छेदीलाल पता-सा. देह, बहुरा बाई पिता/पति-छेदीलाल पता-सा. देह के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 181/1 (0.1030) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता ईश्वर लाल, पिता/पति-छेदीलाल पता-सा. देह, रामकुमार पिता/पति-छेदीलाल पता-सा देह, राम अवतार पिता/पति-छेदीलाल पता-सा देह, बहुरा बाई पिता/पति-छेदीलाल पता-सा. देह, रामबाई पिता/पति-छेदीलाल पता-सादेह के नाम पर पंजीयन/फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 16/04/2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर जिला बिलासपुर पर की जावेगी।
उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/आममुख्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 24/03/2025 को जारी किया जाता है।
**तहसीलदार**
**Mukesh Kumar Dewangan**
**तहसील बिलासपुर**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मण्डल सीपत तहसील सीपत जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
**सीमांकन बाबत् सूचना**
क्रमांक/ /रा.नि./सीपत/2025
सीपत, दिनांक .../.../.....
प्रति, 1. सूरज सिंह ठाकुर पिता बी.एस. ठाकुर 2. टिंगाली केवट 3. खेदूराम 4. गोविंद सिदार
विषय: सीमांकन के समय स्थल पर उपस्थित रहने बाबत्।
उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि आवेदक/आवेदिका सूरज सिंह ठाकुर जाति ठाकुर निवासी बिलासपुर तह. बिलासपुर जिला बिलासपुर (छ.ग.) द्वारा ग्राम कौआताल प.ह.नं. 03 रा.नि.मं. सीपत तह. मस्तूरी स्थित भूमि ख.नं. 210/3 रकबा 0.364 हे./ एकड़ का आवेदनानुसार आवेदित भूमि के सीमांकन हेतु माननीय तहसीलदार/ना. तहसीलदार महोदय के ज्ञापन क्रमांक/तह./ना./ अति. तह./वाचक/2025-26/ सीपत दि. 20.01.2025 के अनुसार ज्ञापन प्राप्त हुआ है।
उपरोक्त भूमि का सीमांकन दिनांक 04.04.2025 को समय 11 से 5 बजे किया जाना है जिसमें आपकी उपस्थिति अनिवार्य है। अतः उक्त तिथि को आप अपने भूमि संबंधी दस्तावेजों के साथ समय पर स्थल पर रहना सुनिश्चित करें। इस भूमि से संलग्न प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से हितबद्ध व्यक्ति भी उक्त तिथि को अपने भूमि संबंधी दस्तावेजो के साथ समय पर स्थल पर रहना सुनिश्चित करें। अनुपस्थिति की दशा में एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी जिसके लिए आप स्वयं जिम्मेदार होंगे।
टीप: अपरिहार्य कारणों से सीमांकन तिथि में परिवर्तन किया जा सकता है।
**राजस्व निरीक्षक, रा.नि.मं. सीपत**

**न्यायालय तहसीलदार सकरी, जिला बिलासपुर**
**ईश्तहार**
रा.प्र.क्रं.../ब-121/2024-2025
एतद् द्वारा आम जनता ग्राम सकरी, प.ह.नं.45, तहसील सकरी जिला बिलासपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदक विओम डेव्हलपर्स द्वारा पार्टनर प्रतिक विधानी पिता विजय विधानी निवासी मेनरोड, गुरूनानक चौक, बिलासपुर के द्वारा ग्राम सकरी, म.नं. 01, प.ह.नं. 45, तहसील सकरी स्थित भूमि खसरा नंबर 318/63, 335रु5, 369/2, 369/3 रकबा 0.0610 हे., 0.0730 हे., 0.1210 हे., 0.0480 हे. एवं खसरा नंबर 335/2 रकबा 0.6520 हे. भूमि आवेदक के नाम पर दर्ज है। उक्त भूमि के खसरा नंबर 335/2 रकबा 0.6520 हे. भूमि ऑनलाईन राजस्व रिकार्ड में पृथक से दर्ज है इसे एक साथ दर्ज करते हुए सभी खसरा नंबर का एकीकरण करते हुए खसरा पांचसाला एवं बी-1 में नाम दर्ज किया जावे।
इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति दावा हो तो अपना आपत्ति दावा दिनांक 08.04.2025 तक इस न्यायालय में पेश कर सकते है। इसके बाद में आने वाले आपत्ति दावों पर विचार नहीं किया जायेगा।
आज दिनांक 27.03.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा अंकित कर जारी किया गया।
**तहसीलदार**
**सकरी**

**न्यायालय तहसीलदार सकरी तहसील सकरी जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
**ईश्तहार**
क्रमांक/क/वा./तह./2024
सकरी, दिनांक 27.03.2025
एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका बलभद्र वर्मा पिता/पति बिसाहू राम वर्मा निवासी ग्राम अमेरी तहसील सकरी जिला बिलासपुर छ.ग. के द्वारा प्रस्तुत आवेदन अनुसार ग्राम अमेरी प.ह.नं. 43 रा.नि.मं. सकरी व तहसील सकरी जिला बिलासपुर में स्थित भूमि ख.नं. 88/11 रकबा 846 वर्गफुट /0.0085 हे. भूमि का अभिलेख सुधार किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।
उक्त आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह अपना दावा/आपत्ति स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 15.04.2025 के पूर्व इस न्यायालय में कार्यालयीन दिवस में प्रस्तुत कर सकते है, उक्त तिथि के पश्चात प्रकरण में प्राप्त आपत्ति/ दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
आज दिनांक 27.03.25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील व मुहर से जारी किया गया।
**नाबय तहसीलदार**
**सकरी**

**कार्यालय छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र बिलासपुर**
**आम सूचना**
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल अटल आवास निरतू (तखतपुर) बिलासपुर में निर्मित अटल आवास भवनों में से भवन क्रमांक अटल आवास-71 श्री रवि कुमार यादव पिता श्री राकेश यादव के नाम पर नामांतरित है। भवन का विक्रय विलेख दिनांक 10.01.2024 को पंजीकृत किया गया हैं। आबंटी अपने उक्त भवन को श्री प्रकाश चन्द्र सोनी पिता श्री अशोक कुमार सोनी को विक्रय करना चाहते है। जिसके लिये विक्रय अनुमति हेतु इस कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।
यदि किसी व्यक्ति/शासकीय/अर्द्ध शासकीय/वित्तीय संस्था/बैंक इत्यादि को उक्त भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के अंदर आपत्ति प्रस्तुत करें। बाद में आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी ।
**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-बिलासपुर (छ.ग.)**

**न्यायालय अतिरिक्त कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी, बिलासपुर (छ.ग.)**
**विवाह सूचना का प्रकाशन**
क्रमांक क/ /वाचक/अति-कले/2025
बिलासपुर, दिनांक 24.03.2025
श्री चॉद सिंह डहरिया आत्मज श्री गोफेलाल डहरिया, उम्र 27 निवासी ग्राम दलदलिपारा सकरी थाना व तहसील सकरी जिला बिलासपुर छ.ग. एवं कुमारी कामिनी अनंत आत्मजा श्री स्व. पुरूषोत्तम अनंत तथा माता स्व. श्रीमती श्याम बाई उम्र 31 वर्ष निवासी ग्राम मिनी बस्ती जरहाभांठा थाना सिविल लाईन तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग.
द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा-5 के तहत सूचना पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः प्राप्त सूचना का प्रकाशन सर्व साधारण के लिए दैनिक समाचार पत्र में किया जाता है। इस विवाह के संबंध में यदि कोई आपत्ति या दावा हो तो अपनी आपत्ति/दावा इस कार्यालय में दिनांक 28.04.2025 को प्रातः 11:00 बजे प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार करना संभव नहीं होगा।

चॉद सिंह डहरिया

कामिनी अनंत
**विवाह अधिकारी**
**बिलासपुर (छ.ग.)**

## खबर संक्षेप

### यादव आज शहर में

**बिलासपुर**। राष्ट्रीय सचिव, भिलाई विधायक देवेंद्र यादव कल 02 अप्रैल को शाम 4.00 बजे छत्तीसगढ़ भवन बिलासपुर में आगमन हो रहा है। विधायक छत्तीसगढ़ भवन में कांग्रेसजनों से भेंट मुलाकात करेंगे ।

### माल ढुलाई में पूर्वी रेलवे क्षेत्रीय रेलवे आगे

**बिलासपुर**। घरेलू कंटेनर की लोडिंग में 19.72 फीसदी की मजबूत वृद्धि के कारण रेलवे ने पिछले वर्ष की तुलना में सभी वस्तुओं में 1.68 फीसदी की वृद्धि दर्ज की है। घरेलू कंटेनरों में बोरी, हॉट रोल्ड कॉइल, सिरेमिक टाइलें, वॉल केयर पट्टी और चावल पांच प्रमुख वस्तुएं हैं। घरेलू कोयला लोडिंग में 7.4 फीसदी की वृद्धि हुई, जिससे बिजली घरो में कोयले का स्टॉक अब तक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है।

### घायल छात्रा की मदद की सिविल डिफेंस ने

**बिलासपुर**। रेलवे की सिविल डिफेंस की टीम ने घायल हुई छात्रा का सहयोग करते हुए तत्काल हास्पिटल पहुंचाने का काम किया है। उसलापुर स्टेशन के समीप लोको पायलट ट्रेनिंग सेंटर गेट के सामने एक कॉलेज की छात्रा स्कूटी से गिरकर घायल हो गई थी। दुर्घटना की जानकारी मिलते ही रेलवे सिविल डिफेंस स्टाफ ने सक्रियता दिखाते हुए घायल छात्रा को तत्काल निकट के अस्पताल पहुंचकर उनके परिजन को सूचित किया। वरिष्ठ मंडल अनुराग कुमार सिंह ने बताया कि सिविल डिफेंस की टीम आपातकालीन स्थितियों में अपनी जिम्मेदारी बखूबी निभा रही है और समाज में मानवीय सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत कर रही है।

### ई-पत्रिका का डीआरएम ने किया विमोचन

**बिलासपुर**। मंडल रेल प्रबंधक राजमल खोईवाल की अध्यक्षता में मंडल राजभाषा कार्यान्वयन समिति की त्रैमासिक बैठक संपन्न हुई। इसमें अपर मंडल रेल प्रबंधक योगेश कुमार देवांगन, अपर मुख्य राजभाषा अधिकारी चंद्रभूषण एवं समिति के सभी सदस्य मोजूद थे। रेलवे के मानक कार्यसूची के अनुसार पावर पाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से अक्टूबर से सितम्बर 2024 तिमाही में हुई राजभाषा प्रगति की समीक्षा की गई। इस दौरान मंडल रेल प्रबंधक ने बिलासपुर मंडल दर्पण ई-पत्रिका के 11वें अंक का विमोचन करते हुए कहा कि सभी विभागों में राजभाषा की प्रगति संतोषजनक है। राजभाषा कार्यान्वयन का मुख्य लक्ष्य प्रेरणा एवं प्रोत्साहन है। बैठक का संचालन प्रभारी राजभाषा अधिकारी एवं सहायक कार्मिक अधिकारी राघवेन्द्र सिंह ने किया।

### युवक को वाहन से कुचलने की दी धमकी

**बिलासपुर**। होली के दिन आपसी विवाद होने पर पीड़ित युवक ने रिपोर्ट नहीं लिखाई। अब हमलावर युवक उसे घर से बाहर निकलने पर वाहन से कुचलकर मार देने की धमकी दे रहे हैं। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। कोनी टीआई किशोर केंवट ने बताया, ग्राम जलसो निवासी सुमीत कुमार वर्मा पिता त्रिलोकी वर्मा 22 साल को होली के दिन 14 मार्च को गांव के गोपी वर्मा, मोनू वर्मा, प्रखर उर्फ राका वर्मा, आर्यल वर्मा, किशन वर्मा ने मारपीट करते हुए छूरी से हमला कर दिया था। वहीं घर में तोड़फोड़ कर दिया था। दहशत में घरवालों ने रिपोर्ट नहीं लिखाई थी। 31 मार्च को उक्त हमलावरों ने पीड़ित सुमीत कुमार वर्मा को घर से बाहर निकलने पर वाहन से कुचलकर मार देने की धमकी दी है।

---

**अब जून 2025 तक का टारगेट** — परियोजना की लागत भी 37 करोड़ रुपए बढ़ गई, पचरीघाट में निर्माण कार्य सबसे ज्यादा धीमा

# अरपा में बन रहे दोनों बैराज पर काम 11 माह से बंद, 2 साल पहले ही लेट हो चुकी है परियोजना

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शिवघाट और पचरीघाट में बन रहे दोनों बैराजों का काम कब पूरा होगा और इसे कब शुरू किया जाएगा यह बताने वाला कोई नहीं है। हाल यह है कि पहले ही दो साल लेट हो चुके इस परियोजना में पिछले करीब साल भर से काम बंद है। इसकी लागत भी 37 करोड़ रुपए बढ़ गई। हालांकि अधिकारियों का कहना है कि जल्द काम शुरू करते हुए इसे पूरा कराया जाएगा। हालांकि पहले कहा जा रहा था कि 2023 मार्च तक प्रोजेक्ट को पूरा कर लिया जाएगा। इसमें लाइनर और स्ट्रक्चर का काम पूरा करना था, लेकिन ऐसा नहीं सका। जिस तरह प्रोजेक्ट का काम धीमी रफ्तार से चल रहा है इससे अभी तय डेडलाइन में प्रोजेक्ट के पूरा होने में संशय है। पचरीघाट में निर्माण कार्य सबसे ज्यादा धीमा है।

गौरतलब है कि यह परियोजना 2023 तक पूरी होनी थी, लेकिन दो साल लेट होने के बाद अब इसे जून 2025 तक पूरा करने का दावा किया जा रहा है।



परियोजना में देरी और अधूरे काम के कारण इसका रिनुवल प्रस्ताव भेजा गया था जिसमें शिवघाट प्रोजेक्ट के लिए 20.17 करोड़ और पचरीघाट प्रोजेक्ट के लिए 17.42 करोड़ रुपए की मंजूरी मिली है। अब दोनों बैराज की कुल लागत 90.90 करोड़ से बढ़कर 127.95 करोड़ रुपए हो गई है।

### भुगतान विवाद पर ठेकेदार ने काम बंद किया

अरपा बराज के इस महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट में पहले ही दो साल की देरी हो चुकी है। इसके बावजूद, अतिरिक्त कार्यों का भुगतान नहीं करने पर ठेकेदार ने 9 महीने से काम बंद कर रखा है। अब राशि की मंजूरी मिलने के बाद काम जल्द शुरू होने की संभावना है। अधिकारियों के अनुसार पहले शिवघाट में काम शुरू होगा, क्योंकि यहां 90 प्रतिशत कार्य पहले ही पूरा हो चुका है और सिर्फ 10 प्रतिशत कार्य बाकी है। अधिकारियों के मुताबिक शिवघाट के लिए 61.56 करोड़ रुपए और पचरीघाट के लिए 66.39 करोड़ रुपए की लागत तय की गई है। इसके साथ ही अरपा के दोनों बराज के बचे हुए काम जून तक पूरे कर लिए जाएंगे।

### पचरीघाट में कई काम अधूरे पड़े

ज्ञात हो कि पचरीघाट में 278 मीटर लंबी सीसी सड़क बन रही है। इसमें फिलहाल अपस्ट्रीम में पडल फिलिंग का काम शुरू नहीं हुआ है। इसके साथ ही अपस्ट्रीम में सीसी ब्लॉक का निर्माण शेष है, जिसकी कुल लंबाई 278 मीटर है। इसके अलावा अपस्ट्रीम में टो वाल का निर्माण बाकी है तो डाउनस्ट्रीम में बंड का काम शेष है। इसके अलावा एप्रोच रोड का काम बाकी है। वियरिंग कोट का कार्य शुरू ही नहीं हुआ है तो गेंट्री क्रेन का निर्माण और प्रतिस्थापना का काम बाकी है। इसके अलावा जल द्वारों के संचालन के लिए रिमोट कंट्रोल, सब स्टेशन के साथ नलकूप खनन कार्य और प्रकाश व्यवस्था का कार्य बाकी है।

### शिवघाट में टो वाल समेत कई काम अधूरे

शिवघाट में भी अपस्ट्रीम में टो वाल समेत कई काम अधूरे हैं। अपस्ट्रीम में पडल फिलिंग का काम शुरू नहीं हुआ है तो इसके साथ ही अपस्ट्रीम में सीसी ब्लॉक का निर्माण बाकी है, जिसकी कुल लंबाई 334 मीटर है। अपस्ट्रीम में टो वाल का निर्माण शेष है और डाउनस्ट्रीम में बंड का काम बाकी है। इसके साथ ही एप्रोच रोड का काम होना बाकी है। इस बैराज में वियरिंग कोट का कार्य शुरू ही नहीं हुआ है तो गेंट्री क्रेन का निर्माण और प्रतिस्थापना का काम बाकी है। इसके अलावा जल द्वारों के संचालन के लिए रिमोट कंट्रोल, सब स्टेशन का काम होना शेष है।

---

गेवरा, दीपका, कुसमुंडा और कोरबा एरिया के गांवों के साथ ही दूसरे एरिया के प्रभावित भी शामिल हुए

# भू विस्थापितों ने मचाया हंगामा, एसईसीएल के मेन गेट पर तालाबंदी कर 5 घंटे तक प्रदर्शन



एसईसीएल मुख्यालय के सामने अपनी मांग को लेकर धरने पर बैठे भूविस्थापित।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

लंबित विभिन्न मांगों को लेकर एसईसीएल की सभी परियोजनाओं से प्रभावित भूविस्थापित ग्रामीणों के द्वारा मंगलवार को एसईसीएल मुख्यालय में जोरदार प्रदर्शन किया गया। यहां ग्रामवासियों ने अपना आक्रोश जमकर जाहिर किया और मेन गेट पर तालाबंदी कर दी।

भू विस्थापितों को रोकने के लिए बेरीकेट लगाए गए थे जिन पर भी ग्रामीणों ने अपना गुस्सा उतरा। रैली निकाल कर मुख्यालय गेट पर पहुंचे ग्रामीणों ने करीब 5 घंटे तक अपना प्रदर्शन जारी रखा। इस बीच भू अर्जन के नोडल अधिकारी ने मौके पर पहुंचकर आवेदन-मांगपत्र प्राप्त किया। ऊर्जाधनी भूविस्थापित किसान कल्याण समिति के अध्यक्ष सपुरन कुलदीप ने बताया कि प्रबंधन को 15 दिन का समय दिया गया है। यदि मांगों पर सकारात्मक पहल नहीं होती है तो 16 अप्रैल को सभी खदानों में व्यापक आंदोलन शुरू कर दिया जाएगा। भूविस्थापितों ने रोजगार, मुआवजा और

■ **सकारात्मक पहल नहीं हुई तो 16 अप्रैल को सभी खदानों में आंदोलन का ऐलान**

पुनर्वास से जुड़े मुद्दों पर एसईसीएल मुख्यालय का घेराव किया। इस घेराव में कोरबा जिले के गेवरा, दीपका, कुसमुंडा और कोरबा एरिया के खदान प्रभावित गांवों के भूविस्थापितों के साथ ही दूसरे एरिया के प्रभावित भी शामिल हुए। मुख्यालय पहुंचे लोगों ने रोजगार, मुआवजे में कटौती और जमीन अर्जन के लिए खरीदी-बिक्री पर रोक लगाने के बाद प्रक्रिया पूरी करने में देरी के विरोध समेत अन्य मांगों को लेकर यह घेराव आंदोलन किया गया। लोगों ने कहा कि एसईसीएल उच्च न्यायालय के आदेशों को मानने से इनकार करती रही है, जिसके कारण भूविस्थापितों को अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। आंदोलनकारियों के मुताबिक मेगा प्रोजेक्ट में बसाहट के एवज में बढ़ी दर से भुगतान किया जा रहा है और बाकी क्षेत्रों के साथ भेदभाव किया जा रहा है जिसे बर्दाश्त नही किया जा सकता।

इन सभी मांगों पर लंबे समय से क्षेत्रवार आंदोलन चलाया जा रहा था और अब सीधे मुख्यालय के सामने आर-पार की लड़ाई के लिए ज्ञापन दिया गया है। इसके बाद सभी क्षेत्रों के कोयला खदानों को एक साथ एक दिन के लिए अनिश्चितकालीन बंद कराया जाएगा।

#### ग्रामीणों की मांगों पर एक नजर

घेराव कर रहे लोगों के मुताबिक नियमों के तहत रोजगार और पुनर्वास प्रदान की जाए। हाईकोर्ट द्वारा दिए गए आदेश का पालन कर 2012 से पूर्व अर्जित भूमि के एवज में छोटे खातेदारों और अर्जन के बाद जन्म लेने वालों को रोजगार दी जाए एवं रैखिक सबंध की अनिवार्यता को समाप्त किया जाए। कोल इण्डिया पालिसी को रद्द कर केन्द्रीय पुनर्वास नीति के तहत रोजगार और पुनर्वास दी जाए। एसईसीएल अपनी टेंडर प्रक्रियाओं में आवश्यक बदलाव के साथ यह सुनिश्चित करें कि इसमें 80 प्रतिशत तक स्थानीय भू-विस्थापितों को प्राथमिकता दी जाएगी। भूविस्थापित बेरोजगारों का कौशल उन्नयन और स्वयं सहायता समूहों को प्रशिक्षित कर रोजगार के अवसर दिए जाएं।

#### एक कंपनी एक नियम लागू हो

भू विस्थापितों ने बताया कि एसईसीएल की मेगा प्रोजेक्ट गेवरा, दीपका और कुसमुंडा में बसाहट के एवज में राशि 10 लाख एवं प्रोत्साहन राशि 5 लाख रुपए किया गया है तथा भूविस्थापितों के लिए अनेक जनहितकारी योजनाएं शुरू की गईं हैं। इसके विपरीत अन्य क्षेत्रों में इसे लागू नहीं किया गया है जो गलत है। इसलिए एसईसीएल के सभी क्षेत्र में बसाहट के एवज में राशि को और बढ़ोत्तरी कर 25 लाख रुपए एवं ठेका कार्यों में भूविस्थापितों के लिए 5 लाख से बढाकर 20 लाख रुपए की स्कीम शुरू की जाए। इसे साथ ही मकान व अन्य परिसम्पतियों के मुआवजा में कटौती बंद कर केन्द्रीय मूल्यांकन बोर्ड के नियम का पालन किया जाए। इसके साथ ही खनन से प्रभावित गांवों में शिक्षा, स्वास्थ, रोजगार के साथ बुनयादी सुविधाएं दी जाएं तो भूविस्थापितों के लिए विभागीय अस्पतालों में मुफ्त चिकित्सा व स्कूलों में शिक्षा की व्यवस्था की जाए।

---

**मुनाफा कमाने का दिया झांसा**

# डॉक्टर से सात लाख की आनलाइन ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



मुनाफा कमाने का झांसा देकर डाक्टर से 7 लाख रुपए की आनलाइन ठगी कर ली गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, नेहरू नगर पारिजात किंगडम फ्लेट नम्बर 304 निवासी हेमंग अग्रवाल पिता केके अग्रवाल 39 साल पेशे से डाक्टर हैं। 11 मार्च को उनके मोबाइल में टेलीग्राम साइट पर क्लाक इंडिया द्वारा रकम लगाकर ज्यादा मुनाफा कमाने का सुनहरा अवसर दिखाया गया। उक्त टेलीग्राम चेट के माध्यम से यह विश्वास दिलाया गया कि लगाई रकम सही तरीके से लाभ के साथ दी जाएगी। श्री अग्रवाल उक्त साइट के द्वारा बताए गए एकाउंट नम्बर पर रकम डालते गए और मुनाफा मिलता गया। उसके बाद उन्हें गोल्डन साइट में इन्वेस्ट करने से ज्यादा लाभ कमाने के सुनहरे अवसर के बारे में आनलाइन चैट के माध्यम से बताया गया। उसके बाद उन्होने अलग अलग किश्तों में उनके बताए गए बैंक खाते में 5 लाख रुपए जमा कर दिया। उसके बाद 1 लाख 71 हजार 500 रुपए जमा करने पर कमिशन मिलने की बात कही गई। उन्होंने उक्त रकम अपने मित्र अमन केडिया के एकाउंट से आरटीजीएस। इस तरह उनसे 7 लाख रुपए जमा कराया गया। 12 मार्च को क्लाक इंडिया के द्वारा उन्हें कोई रिस्पांस नहीं दिया गया, जिससे उन्हें ठगे जाने का आभास हुआ। डा. अग्रवाल ने घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर अज्ञात मोबाइल धारक के खिलाफ बीएनएस की धारा 318,4, 66 डी आईटी एक्ट के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है। डा. अग्रवाल ने ठगे जाने का आभास होने पर तत्काल साइबर क्राइम पोटल नम्बर 1903 शिकायत दर्ज कराई। साइबर क्राइम के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए अलग अलग बैंक खातों से 5 हजार, 5 हजार, 1 लाख 49 हजार 613 होल्ड कराया गया है। इस तरह से 1 लाख 59 हजार 613 रुपए बचा लिया गया है।

### सट्टा खिलाते दो महिला गिरफ्तार

**बिलासपुर**। पुलिस ने सट्टा खिलाने वाली दो महिलाओं को गिरफ्तार कर लिया है। तोरवा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर घेराबंदी करते हुए पुराना पावर हाउस निवासी अन्नपूर्णा वस्त्रकार पति छोटेलाल वस्त्रकार 43 साल व अमृत बाई वस्त्रकार पिता स्व. पूनम चंद्र वस्त्रकार 54 को पकड़ लिया है। उनके पास से 980 रुपए व सट्टापट्टी जब्त किया गया है। पुलिस ने दोनों महिलाओं को गिरफ्तार कर पृथक से प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की है।

---

# खड़ी गाड़ियों से डीजल चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश, 3 आरोपी गिरफ्तार

**बिलासपुर**। सड़क किनारे खड़े वाहनों से डीजल चोरी करने वाले गिरोह को पकड़ने में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। 3 लोगों को पकड़कर स्कार्पियों, बाइक, डीजल बरामद किया गया है। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

■ **हिर्री पुलिस को मिली सफलता**

लंबे समय से नेशनल हाइवे में खड़ी वाहनों से डीजल चोरी किया जा रहा था। एसपी रजनेश सिंह ने थानेदारों को गिरोह को पकड़ने का निर्देश दिया गया था। 1 अप्रैल को हिर्री पुलिस को सूचना मिली, कुछ लोग धौराभाठा में चोरी की डीजल बेचने आए हैं। टीआई अवनीश पासवान, सुरेश शर्मा, दिवाकर सिंह, शिवनारायण पाण्डेय, सूरज कुर्रे, अरविंद शर्मा, मनीष बाल्मिक, दयालू नेताम, जितेन्द्र जगन्ने मौके पर घेराबंदी करते हुए तीन लोगों को पकड़ लिया। उनके पास से एक स्कार्पियों, बाइक, 6 जेरीकेन में 210 लीटर डीजल, डीजल निकालने की पाइप व अन्य सामान मिला। वहीं उसके अन्य साथी भाग निकले। पुलिस ने तीनों युवकों को गिरफ्तार वाहन व सामान जब्त कर लिया है।



#### ग्रुप बनाकर करते थे चोरी

पुलिस के अनुसार, बलौदा बैजलपुर निवासी कृष्णा कश्यप अशोक सोनवानी, मोनू यादव, सुभाष कश्यप व पकड़े गए आरोपियों को ग्रुप बनाकर नेशनल हाइवे में खड़े गाड़ियों से डीजल चोरी करते थे। पुलिस सरगना सहित अन्य फरार आरोपियों के तलाश में जुटी हुई है।

#### पकड़े गए आरोपी

- मनीष कुमार जांगड़े पिता रामलाल जांगड़े 22 साल भिलाई थाना बलौदा जांजगीर
- दीपांशु कौशिक पिता श्याम सुंदर कौशिक 26 साल डोडकीभाठा बिल्हा
- तुषार चक्रधारी पिता पिताम्बर चक्रधारी 23 साल महुआ चौक बिल्हा

---

# खाद्य अधिकारी के घर से जेवर व नकद पार

**बिलासपुर**। खाद्य अधिकारी के मकान में चोरों ने धावा बोलकर जेवर व नकद रकम चोरी कर लिया है। सीसीटीवी कैमरे में एक युवक की तस्वीर कैद हो गई है। पुलिस चोरों का सुराग नहीं लगा पाई है।

सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, शांति नगर सामुदायिक भवन गार्डन निवासी रामेश्वरी जांगड़े के पति मनोज जांगड़े खाद्य विभाग में क्वालिटी इंस्पेक्टर के पद पर तिल्दा में कार्यरत हैं। 31 मार्च की रात 11 बजे खाना खाने के बाद वे सो गए थे। सुबह 5.30 बजे श्रीमती जांगड़े सोकर उठीं तो गेस्ट रूम का दरवाजा खुला मिला। अंदर सामान अस्त व्यस्त पड़े थे और आलमारी से 25 हजार रुपए नकद, सोने की बाली चोरी हो गई थी। बाजू के संदीप यादव के मकान में लगे सीसीटीवी कैमरे का फुटेज देखे तो एक युवक टार्च लेकर उनके घर के पोर्च में खड़ा दिखाई दे रहा है। उन्होंने फुटेज पुलिस को सौंप दिया है। पुलिस ने श्रीमती जांगड़े की रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

---

### बादलों ने रोकी गर्मी की रफ्तार, 2 डिग्री घटा पारा

**बिलासपुर**। 40 डिग्री के पास पहुंचते पहुंचते एक बार पर फिर से रिवर्स हो चुका है। आसमान में बादल छाने लगे हैं और इस दौरान मौसम में दो डिग्री की कमी आई है। मंगलवार को बिलासपुर जिले में 37.2 डिग्री अधिकतम तापमान दर्ज किया गया है। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दो दिनों में मौसम थोड़ा बदला बदला सा रह सकता है। इस दौरान आसमान में बादल छाने और तेज हवाएं चलने की घटनाएं होंगी, जिसके कारण लोगों को कुछ दिनों के लिए गर्मी से राहत मिल सकती है। मंगलवार को सुबह से ही सूरज अपने तीखे तेवर दिखाता रहा, लेकिन दोपहर के बाद अचानक मौसम बदलने लगा और आसमान पर बदल छाने लगे और देखते ही देखते शाम तक मौसम में बदलाव हो चुका था। इस दौरान लोगों को गर्मी से मामूली राहत मिली, लेकिन उमस जारी रही। बताया जा रहा है कि दो से तीन दिनों में यह मौसम बदला सा नजर आएगा। इस दौरान आसमान में बादल छाए रहेंगे और तेज हवाएं भी चल सकती हैं। वहीं प्रदेश में कुछ जगहों पर हल्की बूंदाबांदी भी होगी।

---

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

# किराए में कार लेकर बेचने वाले फरार युवक के खिलाफ जुर्म दर्ज

**बिलासपुर**। किराये पर ली गई कारों को धोखाधड़ी से बेचने का मामला सामने आया है। कस्तूरबा नगर में रहने वाले आकाश श्रीवास्तव ने अलग-अलग लोगों से किराये पर वाहन लेकर उन्हें दूसरों के पास बेच दिया। जब वाहन मालिकों को इसकी जानकारी हुई, तो उन्होंने सिविल लाइन थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अमानत में खयानत का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

इमलीपारा निवासी कृष्णा पटेल ने बताया कि उसकी पहचान जरहाभाठा के कस्तूरबा नगर में रहने वाले आकाश श्रीवास्तव से थी। आकाश ने उनकी कार किराये पर ली थी और कुछ समय तक किराया भी दिया, लेकिन फिर भुगतान बंद कर दिया। जब कृष्णा ने अपनी कार वापस मांगी, तो पता चला कि आकाश ने उसे किसी और को बेच दिया है। जांच के दौरान यह भी सामने आया कि आकाश ने इसी तरह कुल नौ वाहनों को किराये पर लेकर बेच दिया। अन्य पीड़ितों ने भी जब अपनी कारों की स्थिति की जानकारी ली, तो उन्हें ठगी का एहसास हुआ। इसके बाद कृष्णा पटेल सहित नौ लोगों ने सिविल लाइन थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

### कंपनी के मैनेजर ने सामान बेचकर हड़पे रुपए

मैग्नेटो मॉल स्थित एक मल्टीनेशनल कंपनी के स्टोर मैनेजर द्वारा ग्राहकों से सामान बेचकर रुपये अपने खाते में जमा करने का मामला सामने आया है। कंपनी के आडिट में यह गड़बड़ी पकड़ में आने के बाद प्रबंधन ने सिविल लाइन थाने में शिकायत दर्ज कराई। रायपुर के डीडी नगर निवासी पुरुषोत्तम लाल साहू (36) छत्तीसगढ़ अपैरल्स कंपनी में मुख्य कार्यालय प्रबंधक हैं। उनकी कंपनी बिलासपुर के मैग्नेटो मॉल में नाइक स्टोर संचालित करती है। बिहार के मुंगेर निवासी विमल मिश्रा पहले रायपुर स्थित नाइक स्टोर में कार्यरत था। 2023 में प्रमोशन देकर उसे बिलासपुर स्टोर का मैनेजर बनाया गया। पूर्व मैनेजर के जाने के बाद कंपनी ने आडिट कराया, लेकिन तब कोई गड़बड़ी सामने नहीं आई थी। फरवरी 2025 में रायपुर, भिलाई और बिलासपुर स्टोर्स का फिर से आडिट किया गया। जैसे ही आडिट शुरू हुआ, मैनेजर अचानक काम पर आना बंद कर दिया। स्टोर के सेल्समैन ने यह जानकारी रायपुर स्थित अधिकारियों को दी। आडिट में सामने आया कि मैनेजर ने 9.81 लाख रुपये का गबन किया था। ग्राहकों से भुगतान लेने के बाद वह रुपये अपने खाते में जमा कर लेता था। कंपनी के मुख्य प्रबंधक ने सिविल लाइन थाने में शिकायत दर्ज कराई।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 17,000/-
8 रात व 9 दिन
EX हरिद्वार
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री
02 मई से 10 मई 2025, 07 मई से 15 मई 2025, 18 मई से 26 मई 2025, 25 मई से 02 जून 2025, 04 जून से 12 जून 2025
राशि:- स्टैंडर्ड पैकेज 17,000/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411